10 रोहित शर्मा....



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

12 श्रद्धा कपूर...



रांची, रविवार, 21 जून 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -07 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## सीएम हेमंत सोरेन ने शिरडी साईं बाबा के किए दर्शन, लोगों की सेवा करने का मांगा आशीर्वाद

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महाराष्ट्र प्रवास पर हैं. इस दौरान उन्होंने शिरडी में साईं बाबा के दर्शन किए. दर्शन करने के बाद मीडिया से बात की. मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि धार्मिक और आध्यात्मिक जगहों पर जाने से मन को शांति मिलती है. इसके साथ ही मुश्किलों से लड़ने की हिम्मत मिलती है और जिंदगी में कुछ अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है.



**साईं बाबा पदाधिकारी ने सीएम हेमंत सोरेन का किया स्वागत**

दर्शन के बाद साईं बाबा संस्थान के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर गोरक्ष गाडिलकर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शॉल और साईं बाबा की मूर्ति देकर सम्मानित किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश-विदेश से लाखों भक्त हर दिन शिरडी साईं बाबा के दर्शन के लिए आते हैं. साईं बाबा की बातों और विचारों में इतनी ताकत है कि आज भी यह आम आदमी को अपनी ओर खींचती है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वे पहले भी शिरडी में साईं बाबा के दर्शन किए हैं. हालांकि शिरडी आने वाले लोगों की संख्या कम हो गई है. लेकिन झारखंड राज्य में साईं बाबा के कई मंदिर हैं. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि वे प्रदेश में शाईं बाबा मंदिर में दर्शन करने जाते रहते हैं. उन्होंने कहा कि साईं बाबा के आशीर्वाद से ही हम सभी लोगों की सेवा के लिए काम कर रहे हैं.

**अच्छे कामों के लिए साईं बाबा से लिया आशीर्वादः सीएम**

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी. उन्होंने कहा कि वह साईं बाबा के चरणों में अच्छे विचार और भविष्य में अच्छे काम करने का आशीर्वाद लेने आए हैं. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इंसान से गलतिया होना आम बात है. उन्होंने साईं बाबा से आशीर्वाद मांगा, ताकि वह लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा अच्छे काम कर सकें. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साईं बाबा दर्शन को लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट की है. पोस्ट पर उन्होंने लिखा 'आज परिवार सहित शिरडी की पावन धरती पर साईं बाबा के चरणों में नमन कर राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन की प्रार्थना की. साईं बाबा की कृपा सभी पर बनी रहे.

**प्राकृतिक संसाधनों की हो रक्षाः हेमंत सोरेन**

सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड में पानी की समस्या पर बोलते हुए कहा कि एक समय पानी की बहुत गंभीर स्थिति थी. लेकिन आज कई घरों में नलों से पानी पहुंच रहा है. फिर भी कुछ इलाकों में पानी की गंभीर समस्या है. इस दौरान वे सभी से प्रकृति द्वारा दिए गए संसाधनों की रक्षा करने की अपील की. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड एक बहुत ही सुंदर और दर्शनीय राज्य है. देश के आर्थिक विकास में झारखंड रीढ़ की हड्डी के रूप में बड़ी भूमिका निभा रहा है. उन्होंने सभी से एक बार झारखंड के गांवों का दौरा करने को बोले.. साथ ही झारखंड के विकास और संस्कृति को देखने का अपील की.

## महाराष्ट्र के परभणी में बड़ा हादसा : हनुमान मंदिर का सभा मंडप गिरा, 7 लोगों की मौत, 25 घायल

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के परभणी जिले के यशवाड़ी देवस्थान स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। मंदिर परिसर में निमार्णाधीन सभामंडप की छत अचानक ढह गई, जिससे मलबे में दबकर 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के समय मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद थी। शनिवार होने के कारण बड़ी संख्या में लोग प्रसाद लेने और दर्शन-पूजा के लिए लाइन में खड़े थे। दोपहर करीब 3 बजे बांस और लोहे की रॉड से बने सेंट्रिंग स्ट्रक्चर के टूटते ही पत्थर और छत का मलबा अचानक नीचे गिर पड़ा। सीसीटीवी फुटेज में भी हादसे का पूरा घटनाक्रम कैद हुआ है। यशवाड़ी गांव मनवत रोड पर स्थित है, जो छत्रपति संभाजीनगर से करीब 190 किलोमीटर दूर है। यहां त्रिमूर्ति मंदिर में हनुमान जी की प्रसिद्ध काली प्रतिमा स्थापित है, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। हादसे के बाद पुलिस, प्रशासन और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

**निमार्णाधीन मंडप के ढहने से हुआ हादसा, घायलों को निकालने के लिए जुटी भीड़**

यशवाड़ी के इस मारुति मंदिर को पूरे इलाके में एक बेहद जागृत और प्रसिद्ध देवस्थान माना जाता है, जहां शनिवार को विशेष पूजा-अर्चना के कारण पैर रखने तक की जगह नहीं होती। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मंदिर के इस बड़े सभा मंडप के निर्माण का काम पिछले कुछ समय से चल रहा था। दोपहर करीब 3 बजे के आस-पास जब लोग मंडप के नीचे और आस-पास मौजूद थे, तभी यह पूरा ढांचा अचानक भरभराकर नीचे



आ गिरा। मंडप ढहने की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास के गांवों के लोग भी तुरंत दौड़कर मौके पर पहुंच गए। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासनिक टीमों के पहुंचने से पहले ही अपनी जान की परवाह किए बिना मलबे को हाथों से हटाकर दबे हुए लोगों को बाहर निकालने का काम शुरू कर दिया। विधायक राजेश विटेकर ने बताया कि मंदिर का यह नया निर्माण कार्य राजस्थानी पत्थरों से कराया जा रहा था और इसके कारीगर भी दूसरे राज्यों से बुलाए गए थे। काम लगभग पूरा होने की कगार पर था। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से बात करने के बाद बताया कि संभवतः नए पिलर को ठीक से सहारा देने या उसे सुरक्षित करने में हुई किसी चूक या देरी की वजह से यह भारी-भरकम सभा मंडप अचानक ढह गया। हालांकि, हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।हादसे की डरावनी सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, स्थानीय पुलिस और स्वास्थ्य विभाग का बड़ा अमला तुरंत हरकत में आ गया। मलबे के नीचे दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। मौके पर एंबुलेंस और डॉक्टरों की विशेष टीमों को तैनात किया गया है ताकि मलबे से निकाले जा रहे घायल श्रद्धालुओं को तुरंत प्राथमिक इलाज देकर नजदीकी अस्पतालों में शिफ्ट किया जा सके।

## बंगाल अपनी बेड़ियों से आजाद हो गया है, राज्य का गौरव वापस आना शुरू हो गया है : मोदी

**एजेंसी**

**तारकेश्वर (पश्चिम बंगाल) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल अपनी बेड़ियों से आजाद हो गया है और विकास की एक नई यात्रा पर निकल पड़ा है. उन्होंने कहा कि एक चुनावी फैसले से आया बदलाव पूरे राज्य में दिखाई दे रहा है. हुगली जिले के तारकेश्वर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद पश्चिमबंग दिवस के मौके पर एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि बंगाल की हवा में अब एक नई ताजगी महसूस हो रही है. आज चुनाव और शपथ ग्रहण के बाद पहली बार आपके बीच आने का सौभाग्य मिला है. उन्होंने कहा, बंगाल की हवा में अब एक नई ताजगी है. ऐसा लगता है जैसे बंगाल अब अपनी बेड़ियों से आजाद हो गया है, और बंगाल की शान की वापसी शुरू हो गई है. विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य में हो रहे बदलाव ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की ताकत को दिखाया है. उन्होंने कहा, बंगाल के लोगों के चेहरों पर चमक है और गांवों में खुशी और विश्वास की भावना है... बंगाल में यह साफ



दिख रहा है कि आपका एक वोट कैसे बदलाव ला सकता है. मोदी ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के काम में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार की कोशिशों पर भी जोर दिया और आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने इस प्रक्रिया में रुकावट डाली थी. पीएम ने कहा, आपने देखा होगा कि पिछली सरकार ने बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन के ट्रांसफर को कैसे रोक दिया था. मौजूदा सरकार के तहत वह प्रक्रिया शुरू हो गया है.

**पीएम-किसान योजना की किस्त जारी की**

प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम-किसान योजना की 18,880 करोड़ रुपये की 23वीं किस्त जारी की, जिससे पूरे भारत में 9.44 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए.प्रधानमंत्री राज्य दिवस के मौके पर आयोजित एक समारोह में शामिल हुए, जिसमें मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, मंत्री, विधायक, सरकारी अधिकारी और आम जनता भी शामिल हुई. मोदी ने रेलवे, कृषि, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरूआत की, इन्हें राष्ट्र को समर्पित किया तथा इनकी आधारशिला रखी. पीआईबी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इन योजनाओं में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्री स्टैक, प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना शामिल हैं. श्चिम बंगाल के किसानों को दुनिया की सबसे बड़ी फसल बीमा योजना का लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री ने राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) की शुरूआत की. बयान के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य 2026-27 में पश्चिम बंगाल के लगभग 50 लाख किसानों को लगभग 14 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि पर बीमा कवरेज प्रदान करना है, जिससे लगभग 28,140 करोड़ रुपये के अनुमानित बीमित मूल्य वाली फसलों की सुरक्षा होगी तथा किसानों को पर्याप्त महत्वपूर्ण सब्सिडी के माध्यम से सहायता मिलेगी. मोदी ने लगभग 590 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया तथा इनकी आधारशिला रखी. उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-तृतीय) के तहत विकसित 49 सड़क अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिसके दायरे में पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में कुल मिलाकर 315 किलोमीटर से अधिक का क्षेत्र आता है.

### आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**श्रीमति सुनीता चौधरी**
**पूर्व विधायक रामगढ़ आजसू पार्टी**

**जो कुछ भी है वह हमने आज तक क्या सोचा इस बात का परिणाम है। यदि कोई व्यक्ति बुरी सोच के साथ बिताया काम करता है तो उसे कष्ट ही मिलता है यदि कोई व्यक्ति शुद्ध विचारों के साथ बोलता है या काम करता है तो उसकी परछाई की तरह खुशियों उसका साथ कभी नहीं छोड़ती।**

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,44,678**
चांदी (प्रति किलो) : **2,70,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **76,802.90**
निफ्टी :- **24,013.10**

### मौसम

अधिकतम तापमान : **34** °
न्यूनतम तापमान : **25** °

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:03**
संध्या :- **18:38**

### आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1990 को ईरान में आए एक भीषण भूकंप में लगभग 400 लोगों की जान चली गई?**

### संक्षिप्त समाचार

**12वीं रैंकिंग ओपन नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिपः 18 पदक जीतकर बढ़ाया मान**

**रांचीः** 12वीं रैंकिंग ओपन नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप 2026 में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक अपने नाम किए. खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने न केवल राज्य का गौरव बढ़ाया है, बल्कि यह भी साबित किया है कि झारखंड में स्केटिंग खेल लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है. राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में झारखंड टीम ने 4 स्वर्ण, 5 रजत और 9 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दिया. विभिन्न आयु वर्ग और स्पधाओं में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई मजबूत राज्यों के खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दी. प्रतियोगिता के दौरान झारखंड के स्केटर्स ने अपनी गति, तकनीक और आत्मविश्वास से दर्शकों एवं खेल विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया.

**तमाड़ में भीषण सड़क हादसा : बाइक, टेम्पो और कार की टक्कर में एक की मौत, 10 लोग घायल**

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के रांची-टाटा मुख्य मार्ग स्थित प्रभानगर स्तिथ मामा होटल के समीप शनिवार देर शाम करीब आठ बजे बाइक, टेम्पो और कार के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गयी।जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खखसीडीह गांव के कुछ लोग भोज कार्यक्रम में शामिल होकर विपरीत दिशा से एक टेम्पो (जेएच 01 सीजे 1787) में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे. इसी क्रम में टेम्पो ने पंडरानी निवासी गोपेश्वर कुम्हार उर्फ फुचू कुम्हार (52) और उनके पुत्र राजू कुम्हार (26) की बाइक (जेएच 01 एफसी 1517) को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अनियंत्रित टेम्पो सामने से आ रही एक कार से जा भिड़ी और सड़क पर पलट गयी।









# स्वदेशी जागरण मंच द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**रामगढ़।** स्वदेशी जागरण मंच, रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा सत्र 2026-28 के अंतर्गत एक विचार गोष्ठी का आयोजन ज्ञान मंदिर विद्यालय, परसोतिया परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के संस्थापक श्री ब्रह्मानंद पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक श्री मृणाल राठौर ने की, जबकि मंच संचालन प्रोफेसर पिंकी कुमारी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र संयोजक श्री अमरेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय परिषद सदस्य श्री मनोज सिंह, प्रांत सह-संयोजक श्री आलोक सिंह, प्रांत पूर्णकालिक श्री हिमांशु शेखर तथा रांची जिला संयोजक सुश्री आंचल तिवारी सहित मंच के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया।
अपने उद्बोधन में प्रांत सह-संयोजक श्री आलोक सिंह ने कम में अधिक के सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र वसुधैव कुटुम्बकम् की चर्चा की। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व एक परिवार है और प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने त्यागपूर्वक उपभोग की भावना अपनाने तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल दिया।राष्ट्रीय परिषद सदस्य श्री मनोज सिंह ने जल संरक्षण, वृक्षारोपण, ऊर्जा बचत एवं हरित जीवनशैली को अपनाने का आान किया। उन्होंने कहा कि भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है, इसलिए ईंधन की बचत राष्ट्रीय हित के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने सौर एवं पवन ऊर्जा जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता बताई। मुख्य अतिथि श्री अमरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच की जिला इकाई केवल कार्यक्रम आयोजित करने वाली इकाई नहीं, बल्कि स्वदेशी विचार को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाली कार्यशाला है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दायित्ववान यदि अपने दायित्व को साधना मानकर कार्य करे तो जिला संगठन सशक्त होगा और स्वदेशी का राष्ट्रव्यापी अभियान सफल होगा। उन्होंने कहा, संगठन की शक्ति कार्यकर्ता में है, कार्यकर्ता की शक्ति विचार में है और विचार की शक्ति दायित्वपूर्ण आचरण में है। उन्होंने युवाओं का आान करते हुए कहा कि वे स्वदेशी विचार को जन-जन तक पहुंचाने तथा आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक दृष्टिकोण नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, सांस्कृतिक स्वाभिमान, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समृद्धि से जुड़ा विषय है। यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे तथा विदेशी वस्तुओं पर अनावश्यक निर्भरता कम करे, तो भारत आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकता है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकताओं एवं सदस्यों ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, जल एवं ऊर्जा संरक्षण, वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरण फैलाने का संकल्प लिया। अध्यक्षीय संबोधन में श्री मृणाल राठौर ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में प्रेम कुमार, बेनु गोपाल, प्रहलाद प्रसाद सहित दर्जनों कार्यकताओं की सक्रिय सहभागिता रही।झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

## ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू में प्लेसमेंट कैंप का सफल आयोजन

**पतरातु:** उच्चरिंगा स्थित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज प्राइवेट आईटीआई पतरातु में कंपनी जिंदल शॉ अबू धाबी द्वारा दिनांक 20 6 .2026 दिन शनिवार को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया ' इस प्लेसमेंट कैंप में संस्थान में अंतिम वर्ष प्रशिक्षण ले रहे छात्र एवं बिगत वर्षों में पास हुए 45 छात्रों ने हिस्सा लिया' सर्वप्रथम कंपनी के अधिकारियों ने उपस्थित छात्रों से एक दूसरे का परिचय प्राप्त किया उसके बाद कंपनी के अधिकारियों ने जिंदल शा अबू धाबी के बारे में तथा चयन प्रक्रिया के बारे में बताया वहीं उपस्थित छात्रों को संस्थान के प्राचार्य संबीत कुमार साहू ने संबोधित करते हुए कॉलेज द्वारा आयोजित कंपनी के प्लेसमेंट कैंप की अहमियत बताते हुए कहा आप लोगों के लिए यह सुनहरा मौका है' आप इस कंपनी में ज्वाइन करते हैं तो आप अपना भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं यह कंपनी हमारे संस्थान से पिछले तीन–चार वर्षो में प्लेसमेंट कैंप आयोजित करते आ रही है जिससे लगभग 150 बच्चों को लेकर गई है' आज वह वहां अच्छे से कम कर रहे हैं' मैं आप सभी कि भविष्य की उज्जवल कामना करता हूं कि आपका भी चयन हो और आप भी अपना भविष्य उज्जवल करें'

## टाइनी टास्क विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन, बच्चों ने किया योगाभ्यास



**लोहरदगा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को टाइनी टास्क विद्यालय परिसर में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाभ्यास का संचालन मिस आरती एवं मिस चिंतन ने किया, जबकि कार्यक्रम का आयोजन टाइनी टास्क के एडमिनिस्ट्रेटर रघुवीर शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ।इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक श्रीमती जान्हवी सिंह ने बच्चों को योग के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को योगाभ्यास के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। नियमित योगाभ्यास से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं।उन्होंने बच्चों को योग के विभिन्न प्रकारों–राजयोग, कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग–की जानकारी दी तथा बताया कि योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली एक प्राचीन भारतीय विद्या है। योग तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने, मांसपेशियों को लचीला बनाने, पाचन तंत्र को बेहतर करने और मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है।कार्यक्रम के अंत में एडमिनिस्ट्रेटर रघुवीर शर्मा ने बच्चों को प्रतिदिन सुबह योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से स्वस्थ एवं निरोग जीवन प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय परिसर में योग दिवस को लेकर उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला।

## जे.एम.एस. विद्यालय, हरमू में हर्षोल्लास से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



लोहरदगाः जे.एम.एस. विद्यालय, हरमू लोहरदगा के प्रांगण में 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुषमा सिंह और उप प्रधानाध्यापिका श्रीमती दीपा शिखर मुख्य रूप से उपस्थित रहीं 'कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:20 बजे सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ। योग प्रशिक्षकों श्रवण साहू और नम्रता मिंच के निर्देशन में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार जैसे विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया।इस अवसर पर निदेशक एडवोकेट सुषमा सिंह ने अपने संबोधन में कहा, ₹ योग की शुरूआत 21 जून 2015 से हुई , योग भारत की प्राचीन धरोहर है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक विकास का मार्ग है। बच्चों को बचपन से ही योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।₹उप प्रधानाध्यापिका श्रीमती दीपा शिखर ने योगा करते हुए कहा कि योग तन और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। नियमित योगाभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है और तनाव कम होता है, जो आज के समय में छात्रों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल फादर्स डे पर विद्यार्थियों ने व्यक्त किया अपने पिताओं के प्रति प्रेम और सम्मान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में फादर्स डे के अवसर पर कक्षा पहली से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में अपने पिता के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना को प्रोत्साहित करना था।
इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने भावों की सुंदर अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने अपने पिताओं के लिए आकर्षक एवं भावनात्मक शुभकामना कार्ड तैयार किए। कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने ह्लमाय सुपर डैड एप्रिसिएशन ट्रीह्व गतिविधि के अंतर्गत अपने पिता के गुणों और उनके प्रति अपनी भावनाओं को रचनात्मक ढंग से प्रदर्शित किया।वहीं कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने अपने पिताओं के लिए विशेष एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट बनाकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों ने अपने पिताओं के साथ बिताए गए यादगार पलों को संजोते हुए ह्लएल्बम ऑफ मेमोरीजह्व तैयार किया, जिसने सभी का मन मोह लिया।इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने पिताओं के प्रति प्रेम, आभार और सम्मान की भावनाओं को सृजनात्मक रूप से अभिव्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री हरजाप सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के भावनात्मक विकास के साथ-साथ पारिवारिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सम्मान करने तथा उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह और रचनात्मकता देखने योग्य थी । सभी गतिविधियाँ फादर्स डे के उत्सव को यादगार बनाने में सफल रहीं।कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान श्री परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सम्माननीय सदस्य– सरदार मनमोहन सिंह लांबा,सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरिंदर पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरेंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल सिंह, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह जग्गी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मुआवजा व अन्य मांगों को ले देर रात दो बजे तक मिशन चौक रहा जाम

**लोहरदगाः** सदर थाना क्षेत्र के मिशन चौक के समीप शुक्रवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन भाई-बहनों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे शहर में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार बरवाटोली निवासी मुकेश साहू के पुत्र रोहित कुमार साहू एवं पुत्रियां क्रमशः सपना कुमारी और सृष्टि कुमारी स्कूटी से कृषि मार्केट के समीप स्थित तेली धर्मशाला में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में मिशन चौक के समीप सेन्हा की ओर से आ रहे बॉक्साइट लदे ट्रक (संख्या खल08ल7588) ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि सपना कुमारी और सृष्टि कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल रोहित कुमार साहू को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। हालांकि रांची ले जाने के क्रम में ही उसने भी दम तोड़ दिया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने मिशन चौक को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक परिवार को उचित मुआवजा, दोषी चालक की शीघ्र गिरफ्तारी तथा शहर में बॉक्साइट ढुलाई में लगे भारी वाहनों पर नियंत्रण की मांग की।सड़क जाम में नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव, वार्ड पार्षद कुमार अभिषेक, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय पंकज, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पवन एक्का सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग शामिल थे।नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि शहर में प्रवेश करने वाले बॉक्साइट ट्रकों की निगरानी आवश्यक है तथा यह जांच होनी चाहिए कि वाहन प्रशिक्षित चालक चला रहा था या खलासी। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष अजय पंकज ने दुर्घटना को ले बॉक्साइट ढुलाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस, अंचल अधिकारी (सीओ) एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर शहर में भारी वाहनों के परिचालन और सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 26 व 27 जून को मनाया जाएगा मुहर्रम, जुलूस पर रहेगी ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज।**आगामी 26 एवं 27 जून को मनाए जाने वाले मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीपीओ सुशील कुमार ने की। उन्होंने कहा कि मुहर्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या अशांति फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। जुलूस में शामिल उपद्रवियों एवं हुड़दंगियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।एसडीपीओ ने शांति समिति के सदस्यों एवं आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित थाना को दें तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। सभी लाइसेंसी अखाड़े निर्धारित समय एवं तय रूट से ही जुलूस निकालें।बैठक में समिति सदस्यों ने कुलीपाड़ा, हबीबपुर एवं सब्जी मंडी रोड पर बीच सड़क में झूल रहे बिजली के तारों को ऊंचा कराने, एलसी रोड, कुलीपाड़ा एवं स्टेशन चौक पर पेयजल की व्यवस्था करने, जुलूस मार्गों पर सुरक्षा बढ़ाने तथा पर्व के दौरान शराब दुकानों को दो दिनों तक बंद रखने की मांग रखी।सदर इंस्पेक्टर सह नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि मुहर्रम जुलूस एवं उसके मार्गों की निगरानी ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी के माध्यम से की जाएगी। जुलूस के दौरान बांस या पाइप पटककर हुड़दंग करने वालों की पहचान कर उन्हें पुलिस के हवाले करने की अपील भी समिति से की गई।उन्होंने कहा कि मिट्टी कट्टी एवं केला कट्टी की रस्म में शामिल होने वाले जुलूस में बुजुर्गों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित मार्ग का ही पालन किया जाए। इसकी पूर्व सूचना संबंधित थाना को देना भी आवश्यक होगा।प्रशासन ने बताया कि मुहर्रम के मद्देनजर विभिन्न क्षेत्रों के 206 लोगों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है, ताकि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे। बैठक में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, वार्ड पार्षद शेखर पासवान, रंजीत कुमार साह, मो. कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव, मो. आजाद हुसैन, सागर एहसान, मो. आफताब आलम, आनंद सिन्हा, मो. रिजवान, मो. सुल्तान, मो. रमजान अली, पूर्व पार्षद हरेंद्र लाल, अनवर अली, अली गुड्डू सहित शांति समिति एवं मुहर्रम कमेटी के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## श्री हरि संस्कार शिक्षा नवचैतन्य वर्ग में सम्मिलित हुए दिग्गज




**पतरातू**:शनिवार को एकल अभियान श्रीहरि संस्कार शिक्षा नव चैतन्य वर्ग संभाग दक्षिण झारखण्ड के तत्वावधान में चल रहे दस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में बौद्धिक देने हेतु अखिल भारतीय ग्रामीण विकास सदस्य सिद्धनाथ सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र जनजातीय कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार, प्रांतीय महाविद्यालय प्रमुख संजीत जी एवं कटिया पंचायत मुखिया किशोर कुमार महतो ने वर्ग में बारी-बारी से अपना अपना विषय प्रतिपादन किया। वर्तमान समय की स्थिति को देखते हुए अजय कुमार ने कहा कि जनजातीय समाज में जाकर अपनी ही भाषा में उन सबों को मार्गदर्शन करना ताकि वह अच्छा से भाषा को समझ सके,व अपने धर्म संस्कृति के प्रति जागरूक हो ,यदि हिंदू समाज को संगठित करना है तो सभी हिंदुओं को संगठित करना होगा। ज्ञात हो कि इस प्रशिक्षण वर्ग में 12 जिले से एकल श्रीहरि संस्कार शिक्षा के भाई-बहने 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ।यह प्रशिक्षण वर्ग में सभी को हिन्दू समाज कैसे संगठित हो, धर्मांतरण कैसे रोका जाए, ताकि आने वाला पीढ़ी सनातन से जुड़े सभी हिंदू समाज संगठित रहे। साथ ही आज सभी संस्कार शिक्षा के भाई बहनों को पतरातू डैम का भ्रमण करवाया गया। इस मौके पर इस प्रशिक्षण वर्ग के वर्गाधिकारी संभाग संस्कार शिक्षा प्रमुख राजकिशोर महतो, वर्ग व्यवस्था प्रमुख नागेश्वर महतो एवं 12 जिले से संस्कार शिक्षा के कार्यकर्ता भाई-बहनें उपस्थित रहे।

## गुरुकुल भारती विद्यालय में मादक पदार्थ निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगाः** गुरुकुल भारती, एन एजुकेशनल एकेडमी, मिशन चौक, गुमला रोड, लोहरदगा में शनिवार को मादक पदार्थ निषेध अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति प्रेरित करना था।इस अवसर पर मादक पदार्थ निषेध विभाग के सदस्य नारायण खरिया, कुलदीप कुमार टोप्पो एवं सुभाष चंद्र महतो ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।वक्ताओं ने छात्रों से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को नशे के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा देने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में मादक पदार्थ निषेध जागरूकता अभियान का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**नशामुक्त युवा ही सशक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी हैं: कुलाधिपति**



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ के फामेर्सी संकाय द्वारा ₹एंटी-नारकोटिक्स अवेयरनेस कैंपेन 2026 के अंतर्गत एक जागरूकता संगोष्ठी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था ₹नशा मुक्त भारत अभियान झ्र विकसित भारत की पहचान (A Drug-Free India – The Identity of a Developed India)।कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय राधा देवी एवं स्वर्गीय गोविन्द साह को श्रद्धांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह, कुलपति प्रो. (डॉ.) रश्मि, सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव प्रो. (डॉ.) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य सरकार के राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ. अमित कुमार थे, जिन्होंने ₹मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं उसके सामाजिक प्रभाव₹ विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।फामेर्सी संकाय के सहायक प्राध्यापक श्री आलोक कुमार ने भी ₹मादक पदार्थों के दुरुपयोगः जागरूकता, रोकथाम एवं जिम्मेदारी₹ विषय पर प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों तथा सामाजिक दायित्वों के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, विशेषज्ञ व्याख्यान, जागरूकता सत्र तथा नशामुक्ति शपथ का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली।अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास को भी प्रभावित करता है। इसलिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष श्री साई प्रकाश पाणिग्रही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया तथा ₹रं८ ठङ्ग ३ङ्ग ऊ१४२, रं८ ी२ ३ङ्ग छीर₹ का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षकगण झ्र जयिता रॉय, सुरजीत बर्मन, अरूप गोस्वामी, झरना पलेई, शम्भू प्रसाद सिंह, सुमित कुमार, रमा सोनी, सस्मिता बास्के, डॉ. राहुल कुमार, राहुल दत्ता, भाग्यश्री प्रभात, सुजाता कुमारी, प्रसन्ना ज्योति मल्ला, मलय स्वाइन, रंजन घोष, सूर्यनारायण सहित अन्य संकाय सदस्यों ने अपने मार्गदर्शन और सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में फलदार पौधों का रोपण, विद्यार्थियों ने लिया संरक्षण का संकल्प

**लोहरदगाः** पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम की भावना विकसित करने के उद्देश्य से ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल, एकागुड़ी (रियाडा के पीछे) में शनिवार को फलदार पौधों का वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने पौधारोपण कर किया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आम, अमरूद, नींबू सहित अन्य फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्वयं पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। पेड़-पौधे हमें शुद्ध वायु, फल, छाया और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। फलदार वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पोषण और जैव विविधता को भी बढ़ावा देते हैं।उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल परिवार के सदस्य की तरह करे। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों में सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के विकास का भी माध्यम है।इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। बच्चों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लेते हुए पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा एवं देखभाल सुनिश्चित करने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली।

# नालंदा से आकर करते थे बाइक चोरी, गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांचीः** राजधानी रांची में लगातार मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर हर चौक चौराहों पर नियमित रूप से वाहन जांच अभियान से चलाए जा रहे हैं. इसी क्रम में शुक्रवार की रात करीब साढ़े 9 बजे ओरमांझी से बिना नंबर प्लेट के काली रंग की बाइक पर सवार दो लोगों को पुलिस ने रोकने की कोशिश की. लेकिन वे पुलिस को देखते ही भागने लगे. बाइक चालक के भागने की सूचना पर ओरमांझी थाना ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान वही बाइक सिकिदिरी की ओर भागते हुए दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ा लिया. पुलिसिया पूछताछ में पता चला कि ये दोनों बाइक चोर गिरोह के सदस्य हैं. पुलिस ने इन दोनों के अलावा एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार लोगों में सिंटू कुमार, अनिकेत कुमार और विकाश कुमार है शामिल हैं. तीनों का पहले से आपराधिक इतिहास भी रहा है.पुलिस ने इनके पास से चोरी की सात बाइक बरामद की है. इन लोगों ने करीब 35 से 40 बाइक को पहले ही बेच दिया है. गिरोह के पास से मास्टर चाबी, पेंट करने की मशीन और कई सारे ऐसे उपकरण बरामद किए गए हैं जो बाइक चोरी में इस्तेमाल की जाती थी.बाइक चोर गिरोह के लोग पहले अलग-अलग जगह पर बाइक की रेकी करते थे, जिसके बाद इसकी जानकारी बिहार के नवादा जिले में रहने वाले गिरोह के लोगों को दी जाती थी. बाइक की रेकी करने के बाद बिहार से लगभग 4 से 5 लोग रांची आते थे और अलग-अलग जगहों से ये लोग बाइक की चोरी करते थे. इस गिरोह में 14 से 15 लोग शामिल हैं.

# युवा राजद संवाद चौपाल यात्रा रांची पहुंची, युवाओं को संगठन से जुड़ने का आह्वान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांचीः** युवा राष्ट्रीय जनता दल (युवा राजद), झारखंड द्वारा राज्य के सभी 24 जिलों में चलाए जा रहे ह्लयुवा संवाद चौपाल यात्राह्व अभियान के तहत शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय, रांची में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची महानगर अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में युवा राजद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव मौजूद रहे.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि आज देश के युवाओं को समाजवाद, संविधान और सामाजिक न्याय की विचारधारा को समझने और उसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हमेशा गरीबों, वंचितों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और युवाओं के अधिकारों की आवाज उठाती रही है.उन्होंने युवाओं से पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की विचारधारा को अपनाने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने के लिए अधिक संख्या में संगठन से जुड़ने का आह्वान किया. रंजन यादव ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र और समाज की सबसे बड़ी ताकत होती है और जागरूक एवं संगठित युवा सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं.इस दौरान उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने तथा युवाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया.कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर युवाओं को संगठित करने और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया.कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार, रोजगार, सामाजिक न्याय, युवाओं की राजनीतिक भागीदारी और राज्य के समसामयिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई. वक्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए युवाओं से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की.इस अवसर पर कमलेश यादव, शौकत अंसारी, जफीर खान, डी.के. सिंह, अभिराज राय, विक्की यादव, अजय यादव, राजेश यादव, क्षितिज मिश्रा, लालबाबू रजक, राधे यादव, बबलू मंडल, आनंद यादव सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और राज्यभर में युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने के संकल्प के साथ हुआ.

## संक्षिप्त खबर


### मुहर्रम को लेकर डीसी-एसएसपी ने की बैठक, आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील

**रांचीः** 26 जून मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से डीसी मंजूनाथ भजंत्री व एसएसपी राकेश रंजन और सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस के संचालन, यातायात प्रबंधन और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के पालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई.बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विभिन्न अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए. इस दौरान सभी अखाड़ाधारियों से अपील की गई कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखें, निर्धारित समय का पालन करें और न्यायालय व प्रशासन द्वारा जारी सभी निर्देशों का पूरी तरह अनुपालन सुनिश्चित करें.प्रशासन ने कहा कि मुहर्रम के दौरान अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर विशेष नजर रखी जाएगी. इसके लिए सोशल मीडिया की निगरानी बढ़ा दी गई है और साइबर मॉनिटरिंग टीम को सक्रिय कर दिया गया है. संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके.जुलूस के बेहतर संचालन और समन्वय के लिए सेंट्रल मुहर्रम कमेटी ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रभारियों की नियुक्ति की है. ये प्रभारी प्रशासन के साथ मिलकर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे और आवश्यक समन्वय बनाए रखेंगे.मुहर्रम को देखते हुए पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी किया गया है. सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए 10 हजार से अधिक अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है.जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि मुहर्रम का पर्व शांति और भाईचारे के साथ संपन्न हो सके.

### श्रावण माह को लेकर निगम ने की समीक्षा बैठक, नगर आयुक्त ने दिए अहम निर्देश

**रांची :** श्रावण माह-2026 के दौरान पहाड़ी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप नगर आयुक्त रविंद्र कुमार ने पहाड़ी मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया. जिसके उपरांत निगम कार्यालय में नगर आयुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई. इस दौरान विभिन्न समस्याओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी. इस पर नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने निर्देश दिया कि श्रावण माह में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिए. उन्होंने पहाड़ी मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया. श्रावण माह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.पहाड़ी मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए.सभी नालियों की सफाई, गाद निकासी एवं जल निकासी और खुले नालों को प्राथमिकता के आधार पर स्लैब से ढका जाए.श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गों को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त रखा जाए.इस मार्ग पर फुटपाथ एवं मार्गों पर किसी भी प्रकार की दुकान, ठेला या अस्थायी संरचना नहीं लगने दी जाए.पहाड़ी मंदिर क्षेत्र में मालवाहक वाहन, ट्रक, टेंपो आदि के अवैध पड़ाव वर्जित किए जाए.लोडिंग-अनलोडिंग करने वालों वाहनों पर सख्त कार्रवाई और जुमार्ना लगाया जाए.अतिरिक्त पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर अविलंब सक्रिय किया जाए.पहाड़ी मंदिर क्षेत्र को नो प्लास्टिक जोन के रूप में विकसित किया जाए.प्लास्टिक कैरी बैग एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाते हुए उल्लंघनकताओं पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए.

### खादगढ़ा बस स्टैंड में लगा बिजली का खंभा दे रहा हादसे का न्यौता, निगम को नहीं परवाह.



**रांचीः** राजधानी का बिरसा मुंडा बस स्टैंड वैसे तो सबसे बड़ा स्टैंड है. मगर यहां की व्यवस्था पर हमेशा ही सवाल खड़े होते हैं. बस स्टैंड के प्रवेश और निकासी द्वार के सामने बीच सड़क पर भव्य बिजली का खंभा लगा है. वहीं बिजली के खंभे से निकला 11 हजार वोल्ट का तार भी नीचे ही झूल रहा है. जो बड़े हादसे को न्यौता दे रहा है.वहीं खंभा के तुछ ही दूरी पर ठीक सामने ट्रांसफर्मर भी लगाया गया है. जिससे गलती से भी बस के टकराने से कई लोगों की जान जा सकती है. टोल टैक्स के कर्मचारी अफरोज खान ने इस बारे में बताया कि बीच सड़क पर बिजली का खंभा है. जिससे इस मार्ग पर घंटों जाम की स्थिती रहती है. बताया कि जब बस का आवागमन एक साथ होता है तो उस दौरान बिजली के खंभे से बसों के टकराने का डर अक्सर लगा रहता है. यदि बस को आगे-पीछे करने में थोड़ी भी चूक हुई तो बस में आग भी लग सकती है. इतना ही नहीं बस में बैठे यात्री भी इसकी जद में आ सकते हैं.स्थानीय लोग और बस संचालकों ने बताया कि इस रोड पर चार बिजली के खंभे हैं. जिससे परेशानी होती है. इस सड़क पर 24 घंटा कई बसों का आवागमन होता रहता है. सबसे ज्यादा परेशानी तो रात के वक्त होती है. एक ओर बिजली के खंभे को बचाते हुए ड्राइवर बसों को आगे बढ़ाते हैं. जिससे यात्रियों का जान हलक में अटकी रहती है.बिजली के खंभे को वहां हटाने को लेकर कई बार लोगों ने नगर निगम से शिकायत भी की है. लेकिन नगर में इसपर कोई सुनवाई नहीं हुई है. लोगों को कहना है कि नगर निगम को टैक्स देने की वजह से शिकायत भी वहीं की गयी, मगर कार्रवाई के नाम पर रिजल्ट शून्य ही हैवहीं बस स्टैंड के पास वाहनों के प्रवेश और निकास के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल ज्यादा होता है. बड़ी संख्या में बसों के आवागमन से यात्रियों का सड़क पार करने में भी मुश्किल होती है. वहां के स्थानीय ने बताया कि यदि किसी चालक से थोड़ी भी लापरवाही हो जाए तो गंभीर दुर्घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता. साथ ही छोटे वाहन चालकों को भी इस मार्ग से गुजरने में कठिनाइ होती है. बताया कि यदि किसी भी दिन खंभे से कोई बस टकरायी तो इस इलाके की टमटम टोली सहित अन्य इलाकों में भी विद्युत आपूर्ति बाधित हो सकती है.

# गोशाला भ्रमण व स्वास्थ्य शिविर में पशु चिकित्सा कॉलेज के छात्रों ने दिखाई सक्रिय भागीदारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांचीः** पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा शनिवार को दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया. एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने रांची गोशाला न्यास की सुकुरहुट्टू स्थित गोशाला का भ्रमण किया. इस गोशाला में लगभग 350 गोवंश हैं. भ्रमण के दौरान छात्रों ने दुग्ध प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग इकाई, जैविक कृषि मॉडल, गोबर से गोकाष्ठ निर्माण, दिया निर्माण, वर्मी कंपोस्ट तथा गोबर पाउडर निर्माण जैसी गतिविधियों को करीब से देखा और समझा.इस दौरान विद्यार्थियों ने गोवंश की डीवर्मिंग (कृमिनाशन) की और घाव से पीड़ित गायों की ड्रेसिंग भी की. साथ ही गोशाला परिसर स्थित गो परिक्रमा मंदिर का दर्शन किया. कार्यक्रम का समन्वयन एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रिस्सिला केरकेट्टा, डॉ. पंकज कुमार और डॉ. सुबोध कुमार सिन्हा ने किया. छात्रों ने बताया कि गोशाला प्रबंधन को प्रत्यक्ष रूप से देखने का यह उनका पहला अनुभव था और इसके लिए उन्होंने गोशाला न्यास के सचिव प्रदीप राजगढ़िया के प्रति आभार व्यक्त किया.वहीं, दूसरे कार्यक्रम के तहत कांके प्रखंड के सुकुरहुट्टू गांव में पशु स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया. शिविर में 25 मवेशियों और 30 बकरियों के स्वास्थ्य की जांच की गई और पशुपालकों को आवश्यक दवाएं वितरित की गईं. शिविर के सफल संचालन में भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एंथोनी कोंगाड़ी का सक्रिय सहयोग रहा.

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरी, रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में होगा राजकीय कार्यक्रम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांचीः** दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा. झारखंड का राजकीय कार्यक्रम रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में किया जाएगा. कार्यक्रम सुबह 6:00 बजे शुरू होगा और योग प्रोटोकॉल के साथ सुबह 7:00 बजे से 45 मिनट तक चलेगा.अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि योग भारतीय परंपरा और जीवनशैली का हिस्सा है, जिसे हर कोई अपने तरीके से करता है. केंद्र सरकार तो आज कुछ वर्षों से योग को इवेंट के तौर पर करा रही है जबकि इस्लाम में पांच वक्त की नमाज भी योग का ही हिस्सा है, जिसे हम सदियों से करते आ रहे हैं. उन्होंने लोगों से योग करके स्वस्थ रहने की अपील की.राज्य योग सेंटर की योग प्रशिक्षक डॉ. अर्चना कुमारी ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा पहली बार रांची विश्वविद्यालय के शताब्दी दीक्षांत मंडप में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यक्रम के लिए सुबह पांच बजे से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो जाएगा. योगा प्रोटोकॉल के अनुसार, सुबह 07 बजे से 45 मिनट का योगाभ्यास किया जाएगा.उन्होंने बताया कि जब 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता मिली तो उसके साथ-साथ एक प्रोटोकॉल भी पारित हुआ. मूल रूप से अष्टांग योग पर आधारित उसी प्रोटोकॉल के अनुसार कल दुनिया भर में योगाभ्यास के कार्यक्रम होंगे. डॉ. अर्चना ने बताया कि दीक्षांत मंडप में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, विधायक सीपी सिंह, अपर मुख्य सचिव एके सिंह, रांची विश्वविद्यालय की कुलपति सहित अन्य गणमान्य लोगों के शामिल होने की उम्मीद है.

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पूर्व अभ्यास की गई



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** 21 जून रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पूर्व अभ्यास की गई। कई विद्यालय, कई योग संस्थान इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। सिल्ली मुरी में बड़े ही धूम धाम से सिल्ली स्टेडियम परिसर में लोग सम्मिलित होते हैं और योग करते हैं। इस मौके पर लोग योग से स्वास्थ लाभ लेते हैं। सबसे ज्यादा उत्सुकता विद्यालय के बच्चों में देखी जा रही है। इसको लेकर शनिवार को सिल्ली मुख्य मार्ग से होते हुए स्टेडियम परिसर तक प्रभात फेरी निकाली गई एवं करो योग रहो निरोग का नारा लगाया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर झारखंड जगुआर में योग शिविर, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांचीः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर झारखंड जगुआर परिसर में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में अधिकारियों, पुलिसकर्मियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया.इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है. नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और सकारात्मक ऊर्जा के संचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. उन्होंने कहा कि योग मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा सहित कई जीवनशैली जनित बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण में भी सहायक है.कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया. योग प्रशिक्षकों ने योग के महत्व और दैनिक जीवन में इसके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी.झारखंड जगुआर द्वारा पुलिसकर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. अधिकारियों ने कहा कि स्वस्थ और तनावमुक्त पुलिस बल ही बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकता है.कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नियमित रूप से योग करने और स्वस्थ, सक्रिय और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. अंत में प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया.इस अवसर पर झारखंड जगुआर के पुलिस महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, पुलिस उपमहानिरीक्षक इन्द्रजीत महथा सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे.

# लोकभवन में मना बंगाल स्थापना दिवस, राज्यपाल ने कहा- बंगाल ज्ञान, सांस्कृतिक और चेतना की रही भूमि

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांचीः** लोकभवन में आज पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस मनाया गया. इस मौके पर रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में रहने वाले बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय के लोग उपस्थित थे. इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत विविधताओं का देश है. जहां अनेक भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और जीवन-पद्धतियों का संगम है. भिन्नताओं के बावजूद 'विविधता में एकता' हमारी सबसे बड़ी शक्ति है.राज्यपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पारस्परिक समझ और भावनात्मक एकता को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनी है. उन्होंने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल का संबंध केवल भौगोलिक निकटता तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और भावनात्मक संबंध भी अत्यंत गहरे हैं. राज्यपाल ने झारखंड में निवासरत बंगाली समाज के शिक्षा, संस्कृति, उद्योग, व्यापार और सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी.

**बंगाल की धरती ज्ञान, सृजनशीलता और सांस्कृतिक चेतना की भूमिः राज्यपाल**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि बंगाल की धरती ज्ञान, सृजनशीलता और सांस्कृतिक चेतना की भूमि रही है. सामाजिक पुनर्जागरण से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक बंगाल ने राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया है. साहित्य, संगीत, कला और सिनेमा के क्षेत्र में बंगाल का योगदान अविस्मरणीय है. महान फिल्मकार सत्यजीत रे ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक पहचान दिलाई. बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, सृजनशीलता और बौद्धिक विरासत आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है.

**राज्यपाल ने की उत्सवधर्मी संस्कृति की सराहना**

राज्यपाल ने बंगाल की उत्सवधर्मी संस्कृति की सराहना करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा और काली पूजा जैसे पर्व केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि सामाजिक समरसता, सामूहिकता और सांस्कृतिक वैभव के उत्सव भी हैं. इन आयोजनों के माध्यम से बंगाल की सांस्कृतिक पहचान देश और दुनिया के सामने उजागर होती है. उन्होंने कहा कि बंगाल की पाक-परंपरा अपनी विशिष्टता, विविधता और आत्मीयता के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है. पारंपरिक व्यंजनों की मिठास और बांग्ला भाषा की मधुरता वहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का परिचायक है.

**1947 को बंगाल का हुआ था निर्माण**

राज्यपाल ने कहा कि सांस्कृतिक समृद्धि के साथ-साथ पश्चिम बंगाल ने उद्योग, कृषि, शिक्षा, विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की है. देश की आर्थिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रगति में बंगाल की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है और भविष्य में भी बनी रहेगी. उन्होंने पश्चिम बंगाल के सभी नागरिकों की निरंतर शांति, समृद्धि एवं विकास की कामना की. इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने स्वागत भाषण में पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज ही के दिन 1947 में इस राज्य का निर्माण हुआ.राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सांस्कृतिक रूप से काफी समृद्ध है. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल और झारखंड में आत्मीयता का संबंध है. राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान की रचना भी बंगाल की देन है. दुर्गा पूजा और काली पूजा जैसे पर्व भी यहां धूमधाम से मनाए जाते हैं. उन्होंने कहा कि बंगाल न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि औद्योगिक और आर्थिक दृष्टि से भी देश के अग्रणी राज्यों में रहा है. सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम जहां भी रहें अपने राज्य और राष्ट्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहें.

# प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 94 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** बुंडू। प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 94 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण कार्य का शनिवार को शिलान्यास किया गया। यह निर्माण कार्य झारखंड सरकार की डीएमएफटी योजना के तहत कराया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। शिलान्यास पट्टिका के अनुसार खूँटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा एवं तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के कर कमलों द्वारा इस योजना का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी साण्डिल भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। मौके पर विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि छात्राओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नए भवन के निर्माण से छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा तथा विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी साण्डिल ने कहा कि डीएमएफटी फंड का उपयोग शिक्षा और जनकल्याण के कार्यों में होना चाहिए। इस अतिरिक्त कक्ष के निर्माण से क्षेत्र की बेटियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मार्ग और अधिक प्रशस्त होगा।

# पतना में आम महोत्सव बना महिला सशक्तिकरण और किसानों की आय बढ़ाने का मंच



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरहरवा/साहिबगंज।** पतना प्रखंड परिसर में शनिवार को आयोजित आम उत्सव सह बागवानी मेला ग्रामीण आजीविका, महिला सशक्तिकरण और स्थानीय कृषि उत्पादों के प्रचार - प्रसार का अनूठा संगम बन गया। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) एवं मनरेगा के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आयोजित इस मेले में सखी मंडल की महिलाओं और आम उत्पादक किसानों ने अपनी मेहनत और उत्पादों का शानदार प्रदर्शन किया। मेले में मालदा दूधिया, लंगड़ा, खीरसापति, आम्रपाली, फाजली, बरमसिया और बम्बईया सहित कई प्रसिद्ध किस्मों के आमों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। विभिन्न स्टॉलों पर सजे आमों ने लोगों का ध्यान खींचा और बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। सखी मंडल की दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जहां महिलाओं ने स्वयं अपने उत्पादों की बिक्री कर आत्मनिर्भरता का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक राहुल कुमार वर्मा, मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष कुमार, सामुदायिक समन्वयक परवेज आलम, सीसी, आईपीआरपी, बीआरपी (लाइवलीहुड), स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा आम उत्पादक किसान सोनिया देवी, रूपा देवी, जेम्स टुडू और मोनिका देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को बागवानी से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। आम उत्सव जैसे आयोजन किसानों और महिलाओं को अपने उत्पाद सीधे बाजार तक पहुंचाने का अवसर देते हैं, जिससे उन्हें उचित मूल्य मिलता है और बिचौलियों पर निर्भरता कम होती है। मेले के दौरान किसानों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बागवानी प्रबंधन, फल संरक्षण, पैकेजिंग, विपणन और मूल्य संवर्धन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाने और बाजार की मांग के अनुसार खेती करने की सलाह दी। आमों की अच्छी बिक्री से किसानों और महिलाओं के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। प्रतिभागियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराते हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं। ग्रामीण विकास, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला यह आम उत्सव सह बागवानी मेला क्षेत्र के किसानों और सखी मंडल की महिलाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला साबित हुआ।

## नीट (यूजी) 2026 पुनर्परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु परीक्षा केंद्रों के 500 गज क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

**साहिबगंज**।राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली द्वारा (आज) 21 जून, 2026 को आयोजित होने वाली NEET (UG) 2026 पुनर्परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, साहिबगंज द्वारा परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है।जिले में परीक्षा हेतु पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय एवं पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय, साहिबगंज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा अवधि के दौरान इन केंद्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में अनावश्यक भीड़, अवांछित गतिविधियों, परीक्षा सामग्री के वितरण, प्रचार-प्रसार अथवा परीक्षा संचालन एवं गोपनीयता को प्रभावित करने वाले किसी भी कार्य पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।अनुमंडल दंडाधिकारी, साहिबगंज अमर जॉन आईन्द द्वारा जारी आदेश के अनुसार परीक्षा दिवस पर परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर समाप्ति तक बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति के उक्त परीक्षा केंद्रों की 500 गज की परिधि में प्रवेश निषिद्ध रहेगा। यह आदेश परीक्षार्थियों, परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों तथा आवश्यक धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों पर लागू नहीं होगा।जिला प्रशासन साहिबगंज सभी अभिभावकों, नागरिकों एवं संबंधित पक्षों से अपील करता है कि परीक्षा के निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित संचालन में सहयोग करें तथा निर्धारित निदेशों का पालन सुनिश्चित करें, ताकि प्रतिभागियों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में परीक्षा देने का अवसर प्राप्त हो सके।

## चांदशहर पंचायत के वार्ड 5 में सड़क जर्जर, ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग

**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड क्षेत्र के चांदशहर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-5 में इनाम शेख के घर से अतरूल शेख के घर तक जाने वाली सड़क बदहाली की कहानी बयां कर रही है। वर्षों से जर्जर पड़ी यह सड़क आज ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क पर जमा कीचड़ और गंदे पानी के कारण लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में सड़क की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। जगह-जगह कीचड़ एवं जलजमाव के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। कई बार राहगीर और बाइक सवार फिसलकर गिर चुके हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें प्रतिदिन इसी रास्ते से होकर विद्यालय जाना पड़ता है। कीचड़ से सनी सड़क पार करना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर हमेशा गंदा पानी जमा रहने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थिति ऐसी है कि घर से बाहर निकलने के बाद लौटते समय लोगों को बार-बार अपने पैर धोने पड़ते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे इंतजार के बाद इस सड़क का निर्माण हुआ था, वर्तमान में यह सड़क अपनी बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त सड़क के निर्माण के लिए जिला परिषद सदस्य सहनारा बीबी की निधि से टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इसके बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।

## बेगमगंज में अचानक टांसफार्मर खराब, बिजली आपूर्ति ठप

**उधवा/साहिबगंज।** उधवा प्रखंड क्षेत्र के उत्तर बेगमगंज पंचायत अंतर्गत अधीर मंडल टोला के वार्ड नंबर 7 में लगे ट्रांसफार्मर अचानक गुरुवार को खराब हो जाने से बिजली आपूर्ति ठप हो गया है।जिसके कारण ग्रामीण भीषण गर्मी और उमस में बिजली संकट का सामना कर रहे हैं।वहीं शनिवार को दर्जनों उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग राजमहल के सहायक अभियंता को लिखित आवेदन देकर अविलम्ब 25 केवीए के उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। उपभोक्ता अधीर मंडल, पप्पू मंडल,रतन मंडल, दिलीप मंडल सहित अन्य दर्जनों अन्य लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण दर्जनों घरों में बिजली आपूर्ति ठप है। इस वजह से लोगों को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है, और भीषण गर्मी में उनकी परेशानी दोगुनी हो गई है। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग से 25 केवीए ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

## जिला स्तरीय लिपिकीय लेखा परीक्षा का प्रथम एवं द्वितीय पत्र शांतिपूर्वक संपन्न



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज**।जिला, अनुमंडल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों के लिपिकों की द्वितीय अर्धवार्षिक लेखा परीक्षा-2025 तथा प्रथम अर्धवार्षिक लेखा परीक्षा-2026 के अंतर्गत शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित संध्या कॉलेज, साहिबगंज में दो पालियों में प्रथम पत्र एवं द्वितीय पत्र की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।प्रथम पत्र की परीक्षा में कुल 60 परीक्षार्थियों में से 52 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 08 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पत्र की परीक्षा में कुल 41 परीक्षार्थियों में से 33 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 08 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं तथा परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा संचालन की सतत निगरानी की गई।केंद्राधीक्षक-सह-कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद ने बताया कि परीक्षा निर्धारित दिशा-निदेशों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि दिनांक 21 जून 2026 को प्रथम पाली में तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम पत्र की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# राजमहल के सेलमपुर में संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस







झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र की घाटजमनी पंचायत अंतर्गत सेलमपुर गांव में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक मोटरसाइकिल खड़ी देखी, जिसके पास एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।मृतक की पहचान सेलमपुर निवासी बद्री प्रसाद मंडल के प्रथम पुत्र शिवलाल कुमार मंडल 25 वर्ष के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर राजमहल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार, शिवलाल कुमार मंडल शुक्रवार रात करीब 10 बजे कन्हैया स्थान स्थित अपने जीजी विजय साह के घर से निकले थे। वहीं कुछ देर चंडीपुर में भी समय बीतने के बाद रात करीब 1:00 बजे वहां से भी निकल गया। आशंका जताई जा रही है कि रात करीब 2 बजे के आसपास यह हादसा हुआ। हालांकि घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। परिजनों ने बताया कि शिवलाल कुमार मंडल का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व हुआ था। उनकी असमय मौत से पत्नी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**किया कहते हैं थाना प्रभारी**

इस संबंध में राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना (एक्सीडेंट) का प्रतीत होता है। पुलिस हर बिंदु पर गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और चर्चा का माहौल है।

## बरहरवा थाना में थाना दिवस का आयोजन, भूमि संबंधी चार मामलों का हुआ निष्पादन



**बरहरवा/साहिबगंज।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं भूमि विवादों के निपटारे के उद्देश्य से शनिवार को बरहरवा थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना के सहायक अवर निरीक्षक (एसआई) सुदामा सिंह ने किया। थाना दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा भूमि एवं राजस्व से जुड़े मामलों के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई। थाना दिवस के दौरान भूमि संबंधी कुल चार मामलों की सुनवाई की गई। संबंधित पक्षों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच की गई और आपसी सहमति एवं विधिसम्मत प्रक्रिया के आधार पर चारों मामलों का निष्पादन किया गया। मामलों के निष्पादन से संबंधित पक्षों ने संतोष व्यक्त करते हुए प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर एसआई सुदामा सिंह ने कहा कि थाना दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को न्याय सुलभ कराना तथा छोटे - छोटे विवादों को स्थानीय स्तर पर ही सुलझाना है, ताकि अनावश्यक मुकदमेबाजी और आपसी तनाव से बचा जा सके। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भूमि विवाद अथवा अन्य सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन का सहयोग लें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार थाना दिवस का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है, जिससे भूमि विवादों, आपसी झगड़ों तथा अन्य जनसमस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। ऐसे आयोजनों से पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास भी मजबूत होता है। कार्यक्रम में बरहरवा अंचल कार्यालय के अंचल उपनिरीक्षक उमेश मंडल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, निताय सरकार, नेहाल अख्तर सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने थाना दिवस की पहल को जनहित में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ता और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही राहत मिल जाती है।

## दक्षिण सरफराजगंज में स्वयं सहायता समूह के डीलर द्वारा राशन वितरण में मनमानी एवं अवैध वसूली करने का आरोप, शिकायत




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**उधवा/साहिबगंज**।स्वयं सहायता समूह के डीलर के द्वारा राशन वितरण में मनमानी, धांधली एवं अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है।मामले को लेकर शनिवार को दर्जनों कार्डधारियों ने संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उधवा अमर कुमार से शिकायत किया है।शिकायतपत्र में कार्डधारी सीमा देवी, मनोज कुमार मंडल,मंगरू मंडल, सनोती देवी,पुजा कुमारी, सुबोल बसाक,दिलीफ बसाक सहित दर्जनों ने बताया है कि उधवा प्रखंड अंतर्गत पंचायत दक्षिण सरफराजगंज के स्वयं सहायता समूह मनिहारीटोला के डीलर फुल कुमारी देवी( मृतक )के पति डोमेन मंडल,समुह के सदस्य पुनम देवी, शेफाली देवी, आरती देवी, ममता देवी, सहित अन्य सभी समूह के सदस्यों के द्वारा अवैध वसूली किया जाता है।इनके द्वारा चावल,दाल,धोती साड़ी एवं नमक आदि राशन वितरण में मनमानी व धांधली करती है।राशनकार्ड धारी/उपभोक्तागण से राशन वितरण के नाम पर प्रतिकार्ड धारी से 50 रुपए की अवैध वसूली करती है।साथ ही बताया कि चावल वितरण में धांधली करती है, प्रत्येक राशन कार्ड धारी/प्रति यूनिट से 500 ग्राम चावल काटते हैं.कार्ड धारियों ने आगे बताया कि प्रति पैकेट में दाल में से 100 ग्राम काटते हैं एवं नमक तीन पैकेट की जगह मात्र 2 पैकेट ही वितरण करती है।उक्त डीलर के द्वारा हम कार्डधारी से व्यवहार भी ठीक से नहीं करते हैं।कहती हैं हम नीचे से लेकर ऊपर तक सबको पैसा देना पड़ता है।कार्डधारियों का यह भी कहना है कि विरोध करने पर राशन नहीं देने और राशनकार्ड से नाम काट देने की धमकी देते हैं।साथ ही कहती हैं कि तुम लोग मेरे खिलाफ शिकायत कर कुछ नहीं बिगड़ सकते, क्योंकि मेरा पहुंच ऊपर तक है।

**क्या कहते हैं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी**

इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उधवा अमर कुमार से पूछे जाने पर बताया कि मामले को लेकर कार्डधारियों के द्वारा मुझे शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है,जांच कर डीलर के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ (BSPS) के साहिबगंज जिला संयोजक बनाए गए प्रीतम पांडेय



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**मंडरो/साहिबगंज**।भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ (BSPS) झारखंड प्रदेश कमिटी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी के द्वारा साहिबगंज के पत्रकार प्रीतम पाण्डेय को भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ का साहिबगंज के जिला संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया है। साहिबगंज के जिला संयोजक बनाए जाने पर भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी संतोष पाठक ने कहा कि प्रीतम पाण्डेय काफी पुराने एवं अनुभवी है हमें पूर्ण विश्वास है कि इनके कुशल नेतृत्व , संगठन के प्रति समर्पण एवं व्यापक अनुभव से भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ को एक नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे । जिले में पत्रकारों से जुड़ी समस्याएं एवं उनके निदान को लेकर हमेशा तत्पर रहेंगे , संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।वही प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी ने कहा कि इनके कुशल नेतृत्व में भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ अपने उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करेगा ।वही विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों एवं जिले के पत्रकारों में पंकज वर्मा , सुधाकर गुप्ता , सहेंद्र प्रसाद , मुन्ना यादव , अजीत शर्मा , मनीष शर्मा , अरविंद यादव , नवीन कुमार , शिव शंकर यादव , मुकेश पासवान, आशीष ठाकुर उर्फ बंटी,रामेश्वर यादव , राजेश यादव , गुड्डू रजक , मनोज सिंह ,दीपक सिंह , रवि सोनी , विशाल कुमार , अजीत झा , केशव तिवारी सहित कई पत्रकारों ने प्रीतम पांडेय को जिला संयोजक बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी है ।

## 15 वर्षीय छात्रा लापता, अपहरण का मामला दर्ज; इंस्टाग्राम मित्र पर परिजनों ने जताया संदेह

**राजमहल/साहिबगंज**।राजमहल थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय एक नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर छात्रा की मां ने राजमहल थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराते हुए एक युवक पर बहला-फुसलाकर बेटी को अपने साथ ले जाने का संदेह जताया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच करते हुए छात्रा की सकुशल बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।प्राथमिकी के अनुसार, छात्रा 18 जून की सुबह करीब आठ बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।जांच के दौरान परिजनों को जानकारी मिली कि राजमहल थाना क्षेत्र निवासी सागर नामक युवक से छात्रा की इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती थी और दोनों के बीच नियमित बातचीत होती थी। इसी आधार पर परिजनों ने युवक पर छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का संदेह जताया है।मामले में राजमहल थाना कांड संख्या 199/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। साथ ही संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर नाबालिग छात्रा की सकुशल बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# मनरेगा के आम महोत्सव में उमड़े किसान, आधुनिक बागवानी तकनीकों की मिली जानकारी



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरहरवा/साहिबगंज।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में मनरेगा योजना के तहत आयोजित एक दिवसीय आम महोत्सव सह बागवानी मेला किसानों के लिए ज्ञानवर्धक और उत्साहवर्धक साबित हुआ। मेले में बड़ी संख्या में किसानों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और ग्रामीणों ने भाग लेकर आधुनिक बागवानी तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास, अंचलाधिकारी अनोज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान, सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कादिर तथा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में क्षेत्र के किसानों द्वारा विभिन्न किस्मों के आम, फलदार पौधों और अन्य बागवानी उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए किसानों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें वैज्ञानिक पद्धति से खेती एवं बागवानी अपनाने के लिए प्रेरित किया। बीडीओ सनी कुमार दास ने कहा कि मनरेगा के माध्यम से फलदार पौधों की बागवानी को बढ़ावा देकर ग्रामीणों की आय में वृद्धि का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। अंचलाधिकारी अनोज कुमार ने कहा कि बागवानी पर्यावरण संरक्षण के साथ - साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने किसानों से पौधरोपण के साथ पौधों के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर कृषि एवं बागवानी विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत आम की किस्मों, रोग एवं कीट नियंत्रण, सिंचाई प्रबंधन और उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक उपायों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही मनरेगा के तहत संचालित बागवानी योजनाओं के लाभ और प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। मेले के दौरान किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजन क्षेत्र में बागवानी को नई दिशा देने के साथ किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## तीनपहाड़ थाना पुलिस ने नशा मुक्ति उन्मूलन जागरूकता अभियान के तहत स्कूली बच्चों को किया जागरूक



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तीनपहाड़/साहिबगंज**।तीनपहाड़ थाना पुलिस के द्वारा नशा मुक्ति उन्मूलन जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालय बृंदावन में बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।यह जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मादक पदार्थों से दूर रखना और उन्हें समाज तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के तहत बच्चों कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं जैसे नशीले पदार्थों के सेवन से शारीरिक कमजोरी, मानसिक तनाव और स्मरण शक्ति कमजोर होने जैसी गंभीर समस्याएं का होना।कार्यक्रम के अंत में छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई और अपने साथियों को भी इसके प्रति जागरूक करने को कहा गया।इस मौके पर तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडेय,थाना एस ई महेंद्र कुमार,नारद गहलोत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पांच सूत्री मांगों पर ग्रामीणों की हुंकार: 1 जुलाई से कोयला ढुलाई बंद की चेतावनी

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो**



**केरेडारी:** एनटीपीसी और सीसीएल की कोल परियोजनाओं से प्रभावित पेटो पंचायत के ग्रामीणों ने प्रबंधन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। शनिवार को पेटो मध्य विद्यालय प्रांगण में कर्णपुरा बेरोजगार मजदूर कल्याण संघ के बैनर तले हुई बैठक में 1 जुलाई से संपूर्ण कोयला ढुलाई कार्य बंद कराने का ऐलान किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के संरक्षक सह पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव ने की, जबकि संचालन संघ अध्यक्ष प्रीतम साहू ने किया। बैठक में लोकतंत्र, संविधान, बढ़ते भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं पर चर्चा हुई।

**ग्रामीणों के आरोप:**

वक्ताओं ने कहा कि एनटीपीसी एवं सीसीएल की परियोजनाओं से प्रभावित और विस्थापित ग्रामीण वर्षों से अपने अधिकारों और मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसके बावजूद बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा, प्रदूषण और बढ़ती बीमारियों जैसी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

**प्रबंधन को चेतावनी:**

संघ संरक्षक राजकिशोर यादव ने कहा कि पांच सूत्री मांगों को लेकर एनटीपीसी प्रबंधन को पूर्व में ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक वार्ता नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 30 जून तक एनटीपीसी, एमडीओ कंपनी ऋत्विक एवं केडी माइंस के बीजीआर प्रबंधन द्वारा संघ के साथ वार्ता कर मांगों पर पहल नहीं की जाती, तो 1 जुलाई से कोयला ढुलाई पूरी तरह बंद करा दी जाएगी।

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि पांच सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला उपायुक्त, एसडीओ तथा पुलिस प्रशासन को भी सौंपा गया है।

**ये रहे मौजूद:**

बैठक में संघ संरक्षक रामेश्वर साहू, गजेन्द्र यादव, सिकंदर यादव, सचिव हुसैनी साव, कोषाध्यक्ष करमजीत यादव, उपाध्यक्ष सह उपमुखिया लक्ष्मण साहू, राजू साहू, प्रवील यादव, चरित्र राम, चरक साव, लखींद्र यादव, कुलेश्वर राम, उत्तम राम, दिगम्बर गोस्वामी, यूसुफ मियां, रौशन दास, रामवृक्ष राम, महिला उपाध्यक्ष सरिता देवी, गुड़िया देवी, शांति देवी, मालती देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## हाट-बाजारों से पंचायतों तक गूंजा नशामुक्ति का संदेश, जागरूकता अभियान में ग्रामीणों की बढ़ी भागीदारी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हजारीबाग:** निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान के तहत शनिवार को जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के छठे दिन गांवों, पंचायतों, हाट-बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किए गए।अभियान के अंतर्गत संचालित पांच प्रचार रथों ने चौपारण, पदमा, टाटीझरिया, सदर एवं बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांवों और पंचायतों का भ्रमण किया। प्रचार रथों पर प्रसारित ऑडियो संदेशों एवं लघु फिल्मों के माध्यम से लोगों को बताया गया कि नशे की प्रवृत्ति किस प्रकार व्यक्ति, परिवार और समाज को प्रभावित करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में रथों के पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों में भाग लिया तथा नशामुक्ति संबंधी जानकारियां प्राप्त कीं।वहीं दूसरी ओर, जिले के विभिन्न बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर 10 सांस्कृतिक दलों द्वारा नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों में नशे से उत्पन्न सामाजिक समस्याओं, पारिवारिक विघटन, आर्थिक नुकसान एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को जीवंत रूप से दशार्या। नुक्कड़ नाटकों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति सकारात्मक संवाद स्थापित किया।कार्यक्रमों के दौरान युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण समुदायों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। जागरूकता अभियान के तहत लोगों के बीच नशामुक्ति संबंधी पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया गया।अभियान के समापन पर उपस्थित लोगों ने नशामुक्ति की शपथ ली और अपने गांव तथा आसपास के क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का संकल्प व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह अभियान आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जारी रहेगा।

# मालपहाड़ी ओपी में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़:** आगामी मोहर्रम पर्व 2026 के मद्देनजर शनिवार को मालपहाड़ी ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों की मोहर्रम कमिटियों के सदस्य, सभी धर्मों के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि तथा मीडिया प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।बैठक के दौरान प्रशासन की ओर से मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के वातावरण में मनाने की अपील की गई। साथ ही सभी कमिटियों से जुलूस एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रशासन के दिशा-निदेर्शों का पालन करने का आग्रह किया गया।मालपहाड़ी ओपी प्रभारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोहर्रम शांति और अनुशासन के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक-दूसरे का सहयोग करते हुए पर्व की गरिमा बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक एवं उकसाने वाली पोस्टों से सतर्क रहने और बिना सत्यापन के किसी भी संदेश को साझा नहीं करने की सलाह दी गई। बैठक में यह भी कहा गया कि यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## अदानी फाउंडेशन के रक्तदान अभियान में 110 यूनिट रक्त संग्रह,24 जून को अंतिम शिविर में अधिक भागीदारी की अपील



**सिंदरी/ धनबाद।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में अदानी फाउंडेशन एवं अदानी सीमेंट एसीसी लिमिटेड सिंदरी के बैनर तले एसीसी स्पोर्ट्स क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 10 जून से 24 जून 2026 तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य रक्त की उपलब्धता बढ़ाना तथा लोगों को रक्तदान जैसे जीवन रक्षक कार्य के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना है। अभियान के तहत 10 जून को आयोजित रक्तदान शिविर में 66 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जबकि 20 जून को आयोजित शिविर में जानकारी मिलने तक संध्या 5 बजे तक 44 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इस प्रकार अब तक कुल 110 यूनिट रक्त संग्रहित किया जा चुका है। 20 जून के रक्तदान शिविर का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे प्लांट मैनेजर श्री पुष्पराज सिंह गौतम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की रक्तदान एक महादान है, जो जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। यह रक्तदान शिविर रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। अदानी सीमेंट प्रबंधन ने सभी इच्छुक रक्तदाताओं से अनुरोध किया है कि वे 24 जून 2026 को आयोजित अंतिम रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान करें और इस पुनीत अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

## मुहर्रम को लेकर पतरातू थाना में शांति समिति की बैठक में शामिल हुए सभी धर्मों के लोग, सौहार्द बनाए रखने की अपील

**पतरातू:**मुहर्रम पर्व के मद्देनजर पतरातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शिव लाल गुप्ता ने की। बैठक में मुहर्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस मार्ग, विधि-व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।थाना प्रभारी एसके गुप्ता ने कहा कि मुहर्रम का पर्व शांति, अनुशासन और भाईचारे के वातावरण में मनाया जाए। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या विवादास्पद गतिविधि से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। साथ ही सभी ने सामाजिक सद्भाव और आपसी एकता को बनाए रखने पर जोर दिया।बैठक में जिला परिषद सदस्य राजा राम प्रजापति, मुखिया पानो देवी, पंचम मुंडा, पूर्व मुखिया मो. कमालुद्दीन, जयप्रकाश सिंह (ननकी), बारिश खान, अब्दुल कलाम अंसारी, हामिद अंसारी, मो. इबरार खान, ताहिर खान, समीउल्लाह अंसारी, मो. हमीद, मो. सुल्तान अंसारी, मंजूर हुसैन, कमलेश कुमार महतो, मो. सलीम, हकीम अंसारी, मो. दाऊद अंसारी, खुर्शीद आलम, बदरुद्दीन हसन, मो. हुसैन खान, लइक कुरैशी, मो. हुसैन, शमसुल खान, सुभाष यादव समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मोहर्रम को लेकर सिंदरी थाना में शांति समिति की बैठक



**सिंदरी/ धनबाद।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से शनिवार को सिंदरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पु०नि० सह थाना प्रभारी राजेश कुमार ने की। बैठक में थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के दौरान सभी आयोजन निर्धारित नियमों के अनुरूप किए जाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दिया जाए। बैठक में रंगामाटी, डोमगढ़ एवं गौशाला क्षेत्र के तीन लाइसेंसी अखाड़ों के अध्यक्षों से जुलूस, रूट एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। साथ ही सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और आपसी सामान्य को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों, अखाड़ा प्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे और अनुशासन का पर्व है, जिसे सभी समुदायों के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए। बैठक का समापन सौहार्द एवं शांति बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ। बैठक में प्रशासन की तरफ से पु०अ०नि० मुकेश हेंब्रम, पु०अ०नि० विनोद टोप्पो, पु०अ०नि० प्रभुदान कुजूर,स०अ०नि० सुनील निरातम एक्का एवं मुस्लिम समुदाय के अखाड़ा प्रतिनिधि के साथ शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त, एसएसपी सहित वरीय अधिकारियों ने लक्ष्य पर साधा सटीक निशाना

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**धनबाद पुलिस का वार्षिक फायरिंग दक्षता अभ्यास शुरू**



**सिंदरी/ धनबाद**।उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार सहित पुलिस के वरीय पदाधिकारियों ने शनिवार को सुबह झारखंड सशस्त्र पुलिस - 3 के भूंईफोड़ मंदिर के पीछे स्थित फायरिंग रेंज में पुलिस के वार्षिक फायरिंग दक्षता अभ्यास (मार्क्समैनशिप) अभियान में फायरिंग कर लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा।अभ्यास पूरा करने के बाद उपायुक्त ने बताया कि फायरिंग अभ्यास एक महत्वपूर्ण पुलिस प्रशिक्षण प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य निशानेबाजी में कौशल, सुरक्षित हथियार संचालन और विपरित परिस्थितियों के लिए तत्परता को सुधारना है।अभ्यास के दौरान पदाधिकारियों ने लेटकर, बैठकर, घुटनों के बल बैठकर और खड़े होकर लक्ष्य पर निशाना साधा।इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 18 जून से 30 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की निशानेबाजी, हथियार संचालन क्षमता और फायरिंग कौशल की जांच की जाएगी। अभियान के तहत प्रत्येक पुलिसकर्मी को निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन्न हथियारों से फायरिंग का अभ्यास कराया जाएगा तथा उनकी लक्ष्यदक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि अभियान में जिले के 2586 पुलिस पदाधिकारी एवं जवान भाग लेंगे। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग पोजीशन में फायरिंग कर लक्ष्य भेदन करना होगा। इसमें खड़े होकर, घुटने के बल तथा अन्य निर्धारित पोजीशन से निशाना लगाने का अभ्यास कराया जाएगा, ताकि किसी भी परिस्थिति में पुलिस बल प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने में सक्षम रहे। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष रूप से पालन कराया जा रहा है।अभियान के दौरान प्रत्येक पुलिस पदाधिकारी एवं जवान की निर्धारित मानकों के अनुरूप फायरिंग दक्षता का परीक्षण किया जाएगा। प्रदर्शन के आधार पर उनकी लक्ष्यदक्षता का आकलन किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। नियमित फायरिंग अभ्यास से बल की पेशेवर दक्षता और कार्यकुशलता में वृद्धि होती है, जिसका सीधा लाभ कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मिलता है।अभ्यास के दौरान सिटी एसपी श्री ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी श्री एस मोहम्मद याकूब, डीएसपी (विधि-व्यवस्था) श्री प्रकाश सोय के अलावा बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल शामिल थे।

## जमीन विवाद में ठेकेदार संजय तिवारी को भतीजे ने मारी गोली, हालत गंभीर



**मेदिनीनगर (पलामू):** जिले के शहर थाना क्षेत्र से एक खूनी वारदात का मामला सामने आया है, जहाँ बारालोटा निवासी प्रसिद्ध ठेकेदार संजय तिवारी को अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। जानकारी के अनुसार उनके ही भतीजे ने जमीनी विवाद में घटना को अंजाम दिया है. जानकारी के अनुसार, संजय तिवारी रेडमा मंदिर में पूजा करने गए थे। पूजा करने के बाद जैसे ही वे मंदिर परिसर से बाहर निकल रहे थे, घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली उनके सीने में लगी है, जिससे वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े।घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल संजय तिवारी को अत्यंत गंभीर स्थिति में इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है, लेकिन उनकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।दिनदहाड़े हुई इस वारदात की सूचना मिलते ही शहर थाना की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए छानबीन शुरू कर दी है और अपराधियों की धरपकड़ के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

## विधायक रौशन लाल चौधरी ने कैंसर अस्पताल पहुंचकर वरिष्ठ पत्रकार राजेश पाण्डेय का जाना हाल

**केरेडारी/हजारीबाग:** बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने कांके स्थित रांची कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र में भर्ती वरिष्ठ पत्रकार राजेश पाण्डेय से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। राजेश पाण्डेय रजरप्पा परियोजना के निवासी हैं। विधायक ने इस दौरान उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा इलाज कर रहे चिकित्सकों और परिजनों से बातचीत कर उपचार की अद्यतन स्थिति जानी। उन्होंने राजेश पाण्डेय के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे जल्द पूर्णतः स्वस्थ होकर अपने परिवार, समाज और पत्रकारिता जगत में पुनः सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर ज्योति कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे। सभी ने वरिष्ठ पत्रकार के जल्द स्वस्थ होने एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

# जनता दरबार में ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदय से पूर्व भूमि सुधार उपसमाहर्ता चतरा के अवैध और मनमानी के खिलाफ दिए आवेदन

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**कान्हाचट्टी (चतरा )**जिला अंतर्गत कान्हाचट्टी प्रखंड के तुलबूल पंचायत के ग्रामीणों ने उपायुक्त जनता दरबार चतरा में आज पूर्व भूमि सुधार उपसमाहर्ता चतरा के खिलाफ दिए आवेदन।ग्रामीणों का शिकायत की उप समाहर्ता चतरा ने रैयत को अभी वंचित कर भू माफियाओं के साथ मिलकर भूस्वामी के जमीनों से बेदखल कर मनमानी अनैतिक संवैधानिक पदों का दुरुपयोग करते संवैधानिक अधिकारों का हनन किए। पूर्व मुखिया ग्राम पंचायत तुलबुल के फर्जी वंशावली तथा पदाधिकारी से मिलकर गलत सूचना अधिकार तैयार करवा कर दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर कर दिए गए फर्जी दस्तावेज को ही सही कर बैठे। पूर्व मुखिया से इसके लिए पूछताछ की गई तो पूर्व मुखिया ने वंशावली को फर्जी बतलाए तथा इस फर्जी के लिए पूर्व में भी अंचल को उन्होंने शिकायत किए थे।मजे की बात यह है की सूचना के अधिकार में बूटा ठाकुर के पिता केदार ठाकुर दशार्या गया है,जबकि केदार ठाकुर बूटा ठाकुर के सबसे छोटे बेटे आवेदक के छोटा भाई है जिसे आवेदक का दादा बना दिया गया है खतियान और रैयत से मिसमैच करने के उद्देश्य से जिसके खुलासा भी अंचल अधिकारी ने किए थे।मामला कान्हा चट्टी अंचल के ग्राम तुलबुल खाता 33 मौजा तुलबुल थाना, नंबर 26 ,कुल रकवा 2.10,1/2 एकड़ जमीन सर्वे रैयत नुनु ठाकुर पुत्र जगन ठाकुर दूसरा कैलू /कैल ठाकुर जिसमें जगन ठाकुर नवाल्द थे। कैलु ठाकुर के एकमात्र पुत्र बूटा ठाकुर हुए तथा आवेदक बुटा ठाकुर के वंशज हुवे। मामला आवेदक के पूर्वजों का रसीद 1916 से 2015 तक निर्गत होते आया आवेदक अपने पक्ष में पिता और दादा के समर्थन में कई राजस्व दस्तावेज हजारीबाग मजिस्ट्रेट 1966 के आदेश पत्र,बिहार गवर्नमेंट के रसीद बुटा ठाकुर पिता कैलु ठाकुर के बैंक पासबुक ऋण बाकी नोटिस और ऋण समझौता पत्र ,1962 के पंजी 2जमा किए। आरोप था पूर्व राजस्व कर्मचारी अर्जुन पासवान उसमें छेड़छाड़ कर हेमराज ठाकुर वगैरा पिता स्वर्गीय बढन ठाकुर सकिन तुलबुल अपने पिता और दादा का नाम पणजी 2 में चढ़ावा लिया था साथ ही बुटा ठाकुर पिता कैल ठाकुर के 1977 में खरीद की गई जमीन को भी खतियानी जमीन में दर्ज कर अपने नाम से कर लेता है।जिसके लिए पूर्व में भी आवेदकों ने उपयुक्त महोदय, भूमि सुधार उप समाहर्ता चतरा और अंचलाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों के आवेदन देखकर इसकी शिकायत की है इसके उपरांत वर्तमान अंचलाधिकारी संज्ञान में लेते हुए गहन जांच पड़ता किए दोनों पक्षों के दस्तावेजों का अवलोकन किए उसके बाद फजीर्वाड़ा का खुलासा कर भू स्वामी लालधारी ठाकुर और उनके वंशजों को जमीन का असली मालिक बतलाएं जिसे नजर अंदाज कर पूर्व भूमि सुधार उपसमाहर्ता चतरा ने मनमानी कर बिना एनसीआर रिपोर्ट और राजस्व दस्तावेज का अवलोकन किए भू माफिया के साथ मिलकर एकपक्षीये फैसला सुन कर भूमाफियाओं का मनोबल बढ़ाने का कार्य किए आवेदकों का आरोप है की फैसला मेरे पक्ष में आता बसरते चार लाख की डिमांड थी मैंने देने से इनकार कर दिया जिसके बाद भूमिया के साथ मिलकर के अधिकार माफियाओं को दिया जाता हैं। जिसे आवेदक उच्च स्तरीय जांच की मांग किए।

## मुनिश्री 108 आराध्य सागरजी का मंगल प्रवेश, हुआ स्वागत

**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित पारसनाथ जिनालय में आचार्यश्री विशुद्धसागरजी के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 आराध्य सागरजी संघ का शनिवार को रामगढ़ में मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान गया से रांची की ओर विहार क्रम के दौरान मुनिसंघ रामगढ़ के दोनों जिनालयों में स्वागत हुआ।मुनिसंघ को गाजे-बाजे के साथ नगर प्रवेश कराया गया। दोनों जिनालयों में प्रवेश के पहले भक्तों की ओर से पाद प्रक्षालन किया गया। जिनालय प्रवेश के बाद मुनिश्री ने अपनी वाणी से भक्तों को आत्म तत्व का ज्ञानोपदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वयं को पहचानना और स्वयं से साक्षात्कार करना सर्वोच्च ज्ञान है। साथ ही उन्होंने प्रत्येक प्राणी में विद्यमान जीव और आत्मा का भी सारगर्भित रहस्य समझाया। पूर्व में एक संघ हमारे जिनालय में विराजित है और एक अन्य संघ का रामगढ़ में आना अत्यंत दुर्लभ अवसर है। सेठी ने कहा कि ज्ञान की इन सरिताओं का मिलन भक्तों का सौभाग्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि ज्ञान की इन सरिताओं के एक साथ आने से पूरा जैन समाज में हर्ष व्याप्त है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल, मीडिया प्रभारी श्रवण जैन, देवेंद्र गंगवाल, राजू सेठी, नीरज सेठी, बबलू सेठी, बंटी सेठी, सुशील चूड़ीवाल, संजय सेठी, श्याम जैन, ललित गंगवाल, उषा अजमेरा, खुशबू चूड़ीवाल, सुनीता पाटनी सहित अन्य का योगदान रहा।

# ग्राम सभाओं को सशक्त एवं स्थानीय स्वशासन को मजबूत बनाने में पेसा की महत्वपूर्ण भूमिका: डीडीसी

**पेसा नियमावली, 2025 पर जिला स्तरीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आयोजित**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



पाकुड़ : अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने, स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने तथा समुदाय आधारित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को रवींद्र भवन, पाकुड़ में ह्लपंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) झारखण्ड नियमावली, 2025ह्व विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अरविंद कुमार लाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, पंचायत प्रतिनिधियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। प्रारंभ में जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पेसा नियमावली अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार संपन्न बनाने, स्थानीय स्वशासन को सुदृढ़ करने तथा जनभागीदारी आधारित निर्णय प्रक्रिया को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरगामी पहल है।उप विकास आयुक्त अरविंद कुमार लाल ने कहा कि राज्य में पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) झारखण्ड नियमावली, 2025 लागू होने के साथ ही ग्राम सभाओं एवं पंचायत संस्थाओं की भूमिका और अधिक प्रभावी हो गई है। उन्होंने कहा कि नियमावली में पेसा अधिनियम के सभी महत्वपूर्ण प्रावधानों का विस्तृत उल्लेख किया गया है, जिससे अनुसूचित क्षेत्रों में विकास योजनाओं के संचालन एवं स्थानीय संसाधनों के प्रबंधन में ग्राम सभाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि नियमावली लागू होने के बाद आमजन,जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के मन में इसके विभिन्न प्रावधानों को लेकर अनेक जिज्ञासाएँ एवं प्रश्न उत्पन्न हुए हैं। इन्हीं जिज्ञासाओं का समाधान करने तथा नियमावली की समुचित जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय विशेषज्ञों की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि पेसा का मूल उद्देश्य परंपरागत ग्राम सभा व्यवस्था एवं पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाना है। छोटानागपुर एवं संथाल परगना क्षेत्र की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था तथा ग्राम प्रधानों की भूमिका को पेसा के माध्यम से और अधिक मजबूती प्रदान की गई है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अनुसूचित क्षेत्रों में संचालित होने वाली विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में पेसा नियमावली के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी से योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन संभव हो सके।कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग से आए पेसा राज्य फैसिलिटेटर सज्जाद मजीद ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) झारखण्ड नियमावली, 2025 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने पेसा कानून की पृष्ठभूमि, इसकी आवश्यकता, झारखंड में इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया तथा ग्राम सभा को प्राप्त अधिकारों एवं दायित्वों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। साथ ही प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, स्थानीय परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन तथा जनभागीदारी आधारित सुशासन की अवधारणा को भी सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया।राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। संवादात्मक सत्र के माध्यम से पेसा नियमावली से संबंधित अनेक शंकाओं एवं भ्रांतियों का निराकरण हुआ, जिससे उपस्थित प्रतिनिधियों को नियमावली की व्यापक एवं स्पष्ट समझ प्राप्त हुई।कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि, डीपीएम पंचायती राज तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## रेड क्रॉस सोसायटी ने की 200 मरीजों की जांच



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**सिंदरी/ धनबाद**।भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी ने शनिवार को मटकुरिया अंतर्गत काली मंदिर, धौड़ा टोला स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निःशुल्क यक्ष्मा जांच शिविर का आयोजन किया।इसमें लगभग 200 से अधिक मरीजों की जांच की गई। शिविर में 150 मरीजों का एक्स-रे किया गया एवं 90 लोगों का बलगम लेकर जांच के लिए सदर अस्पताल को दिया गया। शिविर को सफल बनाने में वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक सह चेयरमैन भारतीय रेडक्रॉस समिति धनबाद कौशलेंद्र कुमार सिंह, बैकुंठ प्रसाद, राजेश कुमार, मजहर, संजय जायसवाल, जयकांत कुमार, नरेश कुमार मांजी, सीएचओ अष्टमी कुमारी, सहिया ममता कुमारी, निर्मला देवी इत्यादि उपस्थित रहे।

## पेयजल संकट को लेकर भाजपा का बलियापुर प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन ,बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बलियापुर /धनबाद**। बलियापुर में बढ़ती जल समस्या और पेयजल संकट को लेकर शनिवार को भाजपा कार्यकताओं ने जिला ग्रामीण मंत्री डॉक्टर निशि महतो के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधि मंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र में व्याप्त जल संकट के समाधान की मांग की। इस अवसर पर बलियापुर पश्चिम मंडल के अध्यक्ष सुनील मोदक, बलियापुर पूर्वी मंडल अध्यक्ष विद्युत चक्रवर्ती, शैलेंद्र मंडल, विजय रवानी,कुलदीप सा जी, विश्वामित्र महतो, दीपक मुक्तेश्वर महतो,हरे कृष्णा रवानी,रोहित चंद्रवंशी,शत्रुघ्न महतो, चंदन रवानी, समीर प्रमाणिक, जयदेव महतो, मुकेश महतो ,हरि महतो ,अरुण महतो ,रितेश कालिंदी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थें। ज्ञापन के माध्यम से प्रभावित गांवों और मोहल्ले में शीघ्र पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने ,खराब पड़े चापाकल की तत्काल मरम्मत कराने तथा नियमित एवं समुचित जलापूर्ति की व्यवस्था कराने की मांग की गई। डॉ. निशी महतो ने कहा कि भिषण गर्मी और जलस्तर में गिरावट के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने प्रशासन से अभिलंब आवश्यक कदम उठाकर आम लोगों को राहत पहुंचाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने जल संकट के समाधान को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया और शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।




## जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा: पूर्व मंत्री आलमगीर आलम

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़** : शनिवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के संग्रामपुर, कुमारपुर एवं नरोत्तमपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर आम जनता एवं ग्रामीणों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।दौरे के दौरान स्थानीय ग्रामीणों, कांग्रेस कार्यकताओं एवं समर्थकों ने आलमगीर आलम का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। जनसंपर्क कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली तथा कार्यकताओं में विशेष उत्साह एवं खुशी का माहौल रहा।अपने संबोधन में आलमगीर आलम ने क्षेत्र की बिजली, स्वास्थ्य, पेयजल, चापाकल, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने संबंधित समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाकर समाधान कराने का आश्वासन भी दिया।श्री आलमगीर आलम ने कांग्रेस कार्यकताओं से जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनने तथा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों एवं आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं विकास संबंधी मांगों को पूर्व मंत्री के समक्ष रखा, जिस पर उन्होंने सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव सेमिनुल इस्लाम ,जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद उर्फ बकुल, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, पर्यवेक्षक देबू विश्वास, असद हुसैन, जिला महासचिव अब्दुल बसीर शेख ,महिला जिलाध्यक्ष शहनाज बेगम, युवा जिला अध्यक्ष बिलाल शेख, मिर्जहन विश्वास, रामविलास महतो ,मुखिया मुजीबुर रहमान, जलालुद्दीन शेख, पियारूल इस्लाम सोशल मीडिया चेयरमैन शाहिद अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खदान में डूबने से एक व्यक्ति की मौत परिवार में पसरा मातम

**अमर भगत@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**अमड़ापाड़ाः** थाना क्षेत्र के ग्राम छोलापाथर निवासी बुधराय हांसदा (42 वर्ष) की खदान में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर फैल गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधराय हांसदा अपनी पत्नी के साथ नहाने के लिए खदान में चले गए, जहां वो गहरे पानी की ओर चले गए और डूबने लगे तो पत्नी ने उसे बचाने का पूरा प्रयास किया लेकिन नही बचा सकी तो आनन फानन में गांव मदद के लिए गई और जब गांव के लोग मदद करने के लिए खदान पहुंचे तो बुधराय हांसदा नहीं मिले इसके बाद ग्रामीणों ने पूरा प्रयास किया लेनिक नही खोज पाए तो दूसरे दिन स्थानीय थाना को सूचना दी गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रौशन भेंगरा दल बल व स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। काफी प्रयास के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच की जा रही है वही मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और रखें त्यागपूर्वक उपभोग की भावना : आलोक

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**रामगढ़**। स्वदेशी जागरण मंच रामगढ़ कैंट शाखा के तत्वाधान में शनिवार को सत्र 2026-28 के अंतर्गत ज्ञान मंदिर विद्यालय परिसर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वदेशी विचार, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को केंद्र में रखकर आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के संस्थापक ब्रह्मानंद पाठक की उल्लेखनीय भूमिका रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक मृणाल राठौर ने की, जबकि मंच संचालन प्रोफेसर पिंकी कुमारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र संयोजक अमरेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय परिषद सदस्य मनोज सिंह, प्रांत सह-संयोजक आलोक सिंह, प्रांत पूर्णकालिक हिमांशु शेखर तथा रांची जिला संयोजक आंचल तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में प्रांत सह-संयोजक आलोक सिंह ने भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र वसुधैव कुटुम्बकम् का उल्लेख करते हुए कहा कि संपूर्ण विश्व एक परिवार है और प्रकृति के साथ संतुलित जीवन ही मानवता की वास्तविक आवश्यकता है। उन्होंने कम में अधिक के सिद्धांत को भारतीय जीवन पद्धति का आधार बताते हुए संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और त्यागपूर्वक उपभोग की भावना को अपनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय परिषद सदस्य मनोज सिंह ने जल संरक्षण, पौधारोपण और ऊर्जा बचत को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में ईंधन की बचत केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व भी है। उन्होंने सौर और पवन ऊर्जा जैसे वैकल्पिक स्त्रोतों को अपनाने और हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।मुख्य अतिथि अमरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच की जिला इकाई केवल कार्यक्रम आयोजित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वदेशी विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व को साधना मानकर कार्य करे तो संगठन और अधिक मजबूत होगा और स्वदेशी का राष्ट्रव्यापी अभियान नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा संगठन की शक्ति कार्यकर्ता में है। कार्यकर्ता की शक्ति विचार में है और विचार की शक्ति दायित्वपूर्ण आचरण में है। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने और आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## व्यवहार न्यायालय में शनिवार को रक्तदान शिविर आयोजित




**रामगढ़**। व्यवहार न्यायालय में शनिवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधि सेवा प्राधिकार मो तौफीकुल हसन के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सिविल सर्जन कार्यालय एवं इंडियन रेट क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से लोगों ने रक्तदान किया।शिविर का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मो तौफीकुल हसन, जिला एवं अपर न्यायाधीश प्रथम विशाल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी अरविंद कच्छप, सिविल जज सीनियर डिवीजन शबेंदु द्विवेदी, तबिंदा खान, उत्तम सागर राणा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार, प्रधान न्यायाधीश जेजे बोर्ड आलोक सिंह, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी हर्षित तिवारी एवं सिविल जज जूनियर डिवीजन आयशा सिंह सरदार ने किया।इस दौरान शिविर में न्यायिक दंडाधिकारी, न्यायालय कर्मियों, अधिवक्ता दालचा के पैरा लीगल वॉलिंटियर्स और आम नागरिकों ने भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया।इस दौरान शिविर में रक्तदान के महत्व, सुरक्षित रक्त की उपलब्धता एवं नियमित रक्तदान से होने वाले लाभों के संबंध में भी जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को समय समय पर स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान किया गया।शिविर को सफल बनाने में सिविल सर्जन अनिल कुमार, सदर अस्पताल के पैथोलॉजिस्ट डॉ निशांत अहमद, डॉ स्वेच्छा शेखर, लैब तकनीशयन उपेंद्र कुमार साहू, अजीत कुमार रजक, संजू कुमारी, ट्रेनी राहुल कुमार, मिथुन कुमार कुशवाहा, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अनूप कुमार सहित अन्य का योगदान रहा।

## मिलन समारोह में कई लोगों ने थामा लोजपा (रामविलास) का दामन




**रामगढ़**। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से परसोतिया पानी टंकी रोड स्थित वार्ड संख्या 4 में भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता व संचालन एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गणेश पासवान ने किया, जबकि समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश सचिव केवल पासवान, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनीता देवी और महिला नेत्री शालिनी सिन्हा उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान श्याम चंद्रवंशी एवं राखी देवी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सदस्यता ग्रहण कर संगठन में नई ऊर्जा का संचार किया।नए सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रदेश सचिव केवल पासवान ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थौर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व में महिलाओं और युवाओं को जोड़ने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोजपा (रामविलास) हमेशा महिला सशक्तिकरण और युवाओं को अवसर देने की पक्षधर रही है। एमवाई (महिला युवा) के सूत्र को मजबूत करते हुए पार्टी गांव-गांव तक संगठन को विस्तार देने का काम कर रही है।पूर्व प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनीता देवी और महिला नेत्री शालिनी सिन्हा ने नव शामिल महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी महिलाओं के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़ी रहती है। उन्होंने महिलाओं से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में रामदास पासवान, राजू सिंह, बिनु प्रसाद राय, पिंकी देवी, मधु देवी, रीता देवी, राधा देवी, चंदा देवी, कुंती देवी, सुलेखा देवी, दुलारी देवी, बसंती देवी, रेणु देवी, शिल्पा देवी, सरोता देवी, रानी देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

## आकाशीय बिजली गिरने से किशोर की मौत, 10 घायल

**पलामू**। जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र की लोटनिया पंचायत अंतर्गत एकौनी गांव में शनिवार को अचानक आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान आयुष कुमार के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल प्रशांत कुमार (22) की नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार, गांव में बीती रात एक शादी समारोह आयोजित किया गया था, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए थे। शनिवार को भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए कई लोग गांव के आम बगीचे में बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और आकाशीयबिजली गिरने से यह हादसा हो गया। घटना में घायल पवन कुमार, पंकज कुमार, प्रिंस कुमार, सौरभ कुमार, ऋषभ कुमार, सत्यम कुमार, सुजीत कुमार और हरिओम कुमार सहित अन्य घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद में चल रहा है।घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। विधायक ने अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ एसके रवि को सभी घायलों के समुचित उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा विधायक ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर एंबुलेंस के माध्यम से उसके घर भेजने की व्यवस्था भी कराई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## योग दिवस पर बच्चों ने सीखा योगासन और स्वस्थ जीवन के मंत्र

**रामगढ़**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर के बाजारटांड़ स्थित एमएसवीएम किड्स वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।विद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लेकर योग की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित अनेक योगासनों का अभ्यास किया। इसके साथ ही प्राणायाम और ध्यान की विधियों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के महत्व की जानकारी दी गई। बच्चों की सक्रिय सहभागिता और अनुशासित योगाभ्यास ने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ जीवन के साथ-साथ आत्मविश्वास, एकाग्रता और सकारात्मक सोच प्रदान करता है। कम उम्र में ही बच्चों को योग से जोड़ना उन्हें भविष्य में स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की दिशा में प्रेरित करता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी योगाभ्यास में भाग लिया और विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने और अपने परिवार के सदस्यों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने स्वस्थ जीवन, निरोगी समाज और समृद्ध राष्ट्र की कामना की। विद्यालय परिवार ने योग शिविर की सफलता के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सौ वर्षों से राष्ट्रसेवा में लीन आरएसएस का पंजीकरण प्रमाणपत्र मांग रहे कांग्रेस नेताओं से कुछ सवाल



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

असल में कांग्रेस की समस्या संघ के पंजीकरण से नहीं, संघ के प्रभाव से है। जिस संगठन ने बिना सरकारी धन, बिना विदेशी सहायता और बिना सत्ता के सहारे सौ वर्षों तक राष्ट्रजीवन को दिशा दी हो, उससे कांग्रेस की बेचैनी स्वाभाविक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर कांग्रेस और उसके वैचारिक सहयोगियों ने एक बार फिर वही पुराना शोर उठाया है कि संघ पंजीकृत क्यों नहीं है? कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे का पत्र और उसके बाद खड़ा किया गया राजनीतिक कोलाहल इस बात का प्रमाण है कि संघ विरोधियों के पास न तथ्य बचे हैं, न तर्क। वह केवल विवाद पैदा करना चाहते हैं, क्योंकि जिस संगठन को जनता का भरोसा और समाज का समर्थन हासिल हो, उसे बदनाम करने का सबसे आसान तरीका संदेह फैलाना होता है।

लेकिन इस बार संघ ने भी स्पष्ट और सीधा उत्तर दिया है। मोहन भागवत ने साफ कहा, ह्लहिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है ह्व यह उस पूरी मानसिकता पर प्रहार है जो मानती है कि भारत की हर सांस्कृतिक चेतना को सरकारी मुहर से ही वैधता मिलेगी। भागवत ने कहा कि संघ 1925 में स्थापित हुआ था। क्या तब अंग्रेजों से जाकर पंजीकरण कराया जाता? साथ ही स्वतंत्रता के बाद भी भारत के संविधान ने कभी यह अनिवार्य नहीं किया कि हर स्वैच्छिक संगठन सरकारी रजिस्टर में दर्ज हो तभी वह अस्तित्व में रह सकता है। असल में कांग्रेस की समस्या संघ के पंजीकरण से नहीं, संघ के प्रभाव से है। जिस संगठन ने बिना सरकारी धन, बिना विदेशी सहायता और बिना सत्ता के सहारे सौ वर्षों तक राष्ट्रजीवन को दिशा दी हो, उससे कांग्रेस की बेचैनी स्वाभाविक है। संघ ने चरित्र निर्माण किया, अनुशासन दिया, समाज को जोड़ा, सेवा का संस्कार दिया और राष्ट्रवाद को जीवन का व्यवहार बनाया। दूसरी ओर कांग्रेस का एक हिस्सा वर्षों तक विदेशी शक्तियों के सामने वैचारिक समर्पण करता रहा। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समझौते करने वाली राजनीति आज संघ से राष्ट्रभक्ति का प्रमाण मांग रही है। यह विडंबना नहीं तो और क्या है?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 नागरिकों को संगठन बनाने की स्वतंत्रता देता है। यह नागरिकों का मौलिक अधिकार है। संविधान कहीं नहीं कहता कि हर सामाजिक संगठन को पहले सरकार के सामने सिर झुकाकर अनुमति लेनी होगी। सोसाइटी कानून, न्यास कानून और अन्य व्यवस्थाएं केवल कानूनी सुविधाओं के लिए हैं, अस्तित्व के लिए नहीं। संघ के पंजीकरण प्रमाणपत्र को देखने की चाह रखने वाले प्रियांक खरगे, पवन खेड़ा और कांग्रेस के नेताओं को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में मंत्री होना कानून से ऊपर होना नहीं होता। किसी मंत्री की व्यक्तिगत इच्छा कानून नहीं बन जाती। यदि कानून में अनिवार्यता नहीं है, तो केवल राजनीतिक नफरत के कारण किसी संगठन को कटघरे में खड़ा नहीं किया जा सकता। यही विधि का शासन है, यही संविधान की आत्मा है।



संघ को समझने के लिए उसकी मूल प्रकृति को समझना आवश्यक है। संघ कोई पारंपरिक कार्यालयी संस्था नहीं, बल्कि समाज आधारित आंदोलन है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने इसे सदस्यता कार्ड, शुल्क और कागजी ढांचे की बजाय शाखा, संस्कार और स्वयंसेवा के आधार पर खड़ा किया। आज भी कोई व्यक्ति शाखा में जाकर स्वयंसेवक बन सकता है। यही कारण है कि संघ समाज के बीच रहता है, किसी फाइल में बंद नहीं रहता। संघ अपने आरम्भकाल से ही सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ता रहा है। संघ में औपचारिक सदस्यता और कठोर संस्थागत नियंत्रण नहीं होता। शाखाएं अपने संसाधनों से चलती हैं और संगठन का संचालन सामाजिक सहभागिता से होता है।

इतिहास यह भी बताता है कि संघ को बार-बार राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा। महात्मा गांधी की हत्या के बाद प्रतिबंध लगाया गया, आपातकाल में हजारों स्वयंसेवक जेल भेजे गए, बाबरी प्रकरण के बाद भी हमला हुआ। लेकिन हर बार संघ और अधिक मजबूत होकर निकला। इसका कारण यह था कि संघ की जड़ें सत्ता में नहीं, समाज में हैं। मोहन भागवत ने भी याद दिलाया कि सरकारें संघ पर प्रतिबंध लगाती रहीं, इसका अर्थ ही यह है कि सरकारें संघ के अस्तित्व और प्रभाव को मानती रही हैं। देखा जाये तो संघ विरोधी बार बार पारदर्शिता और कराधान का मुद्दा उठाते हैं। लेकिन वह जानबूझकर न्यायालयों के निर्णयों को नजरअंदाज करते हैं। ह्लगुरु दक्षिणाह्व को लेकर न्यायालयों ने पारस्परिकता के सिद्धांत को स्वीकार किया था। पटना उच्च न्यायालय ने स्पष्ट माना कि स्वयंसेवकों का स्वैच्छिक योगदान करयोग्य आय नहीं माना जा सकता। संघ ने कभी कानून से छूट नहीं मांगी। उसने केवल वही स्वीकार किया जो कानून कहता है। कानून जहां लागू होता है, वहां संघ के सहयोगी संगठन विधिवत पंजीकृत हैं, लेखा परीक्षण कराते हैं और अपने प्रतिवेदन भी प्रकाशित करते हैं।

यही वह बिंदु है जहां कांग्रेस का पाखंड खुलकर सामने आता है। दशकों तक सत्ता में रहने वाली पार्टी आज संघ से पारदर्शिता मांग रही है, जबकि स्वयं उसके इतिहास पर आपातकाल, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और विदेशी प्रभाव के आरोप लगे हुए हैं। जो दल लोकतंत्र को कुचलने के लिए आपातकाल थोप सकता है, वह आज लोकतांत्रिक मूल्यों का उपदेश दे रहा है। यह राजनीतिक हास्य से अधिक कुछ नहीं। मोहन भागवत ने बिल्कुल सही कहा कि संघ खुलकर काम करता है, किसी गुप्त संगठन की तरह नहीं। लाखों शाखाएं, हजारों सेवा प्रकल्प, शिक्षा, ग्राम विकास, आपदा राहत, सामाजिक समरसता, वनवासी कल्याण, गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण, संघ का हर कार्य समाज के सामने है। यदि संघ में कुछ छिपा होता तो वह सौ वर्षों तक सार्वजनिक जीवन में इतने व्यापक रूप से स्वीकार नहीं किया जाता।

दरअसल संघ की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि उसने राष्ट्रवाद को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा। जब भी देश पर संकट आया, स्वयंसेवक सबसे पहले खड़े दिखाई दिए। विभाजन के समय राहत कार्य हो, प्राकृतिक आपदाएं हों, महामारी का दौर हो या सीमा पर सैनिकों के परिवारों की सहायता, संघ के कार्यकर्ता हर जगह सक्रिय रहे। यही कारण है कि भारत का सामान्य नागरिक संघ को कागजी संस्था नहीं, राष्ट्रीय चेतना का प्रहरी मानता है। संघ को लेकर सबसे अधिक भ्रम उन लोगों में है जो भारत को केवल सत्ता और चुनाव की नजर से देखते हैं। संघ सत्ता के लिए नहीं, समाज के लिए काम करता है। यही कारण है कि वह राजनीतिक उतार चढ़ाव से अप्रभावित रहता है। मोहन भागवत ने हाल में कहा था कि संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है, लेकिन सबसे अधिक गलत समझा जाने वाला संगठन भी है। यह कथन बिल्कुल सही है। जिन लोगों ने कभी शाखा देखी ही नहीं, वह संघ पर सबसे अधिक आरोप लगाते हैं।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# कैश का नो टेंशन डिजीटल करेंसी है न

ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी अन्य वर्चुअल करंसी से अलग कैसे है? डिजिटल करंसी को लेकर आरबीआई स्पष्ट कर चुका है कि यह एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना उन निजी आभासी मुद्राओं अथवा क्रिप्टो करंसी से नहीं की जा सकती। देश में क्रिप्टो करंसी की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सुरक्षित और आसान डिजिटल करंसी लाने की योजना पर काफी समय से कार्य कर रहा था और अब 01 दिसंबर से आम लोगों के लिए ई-रुपये का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा चुका है। इससे पहले आरबीआई ने 01 नवंबर से डिजिटल करंसी ई-रुपये की शुरूआत सरकारी प्रतिभूतियों के थोक कारोबार के लिए की थी। फिलहाल खुदरा ई-रुपये के परीक्षण में चार बैंकों (आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईडीएफसी बैंक तथा यस बैंक) और चार शहरों (दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरू, भुवनेश्वर) को शामिल किया गया है। पहले ही दिन ह्यडिजिटल रुपये से करीब पौने दो करोड़ रुपये मूल्य का लेनदेन हुआ। दरअसल इन चार बैंकों की ओर से कुल 1.71 करोड़ रुपये डिजिटल मुद्रा की मांग की गई थी। मांग के मुताबिक आरबीआई ने इनको डिजिटल रुपया जारी किया। आरबीआई के मुताबिक आने वाले दिनों में बैंकों की बढ़ती जरूरत के हिसाब से जारी की जाने वाली रकम में भी वृद्धि देखने को मिलेगी। आरबीआई से जारी किया गया डिजिटल रुपया भारत की पहली वर्चुअल करंसी है। इसे सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी (सीबीडीसी) रेग्युलेट करेगा। डिजिटल करंसी डिजिटल फॉर्मेट में है और यह हार्ड कैश की जगह लेगी। डिजिटल करंसी सीबीडीसी के तहत काम करती है और सीबीडीसी को भारत सरकार की मान्यता प्राप्त है। सीबीडीसी को बराबर मूल्य पर कैश में एक्सचेंज किया जा सकेगा। डिजिटल करंसी को जलाया या डैमेज नहीं किया जा सकता। इसलिए एक बार जारी किए जाने के बाद यह हमेशा रहेगी जबकि करंसी नोट कुछ सालों में खराब हो जाते हैं। डिजिटल करंसी के इस्तेमाल से लोगों को अपनी नकदी की सुरक्षा की चिंता से मुक्ति मिलेगी और जिन लोगों का बैंक में खाता नहीं हैं, वे भी इसके जरिये बैंकिंग प्रणाली में शामिल हो सकेंगे। अभी हमारी जेब में जो करंसी नोट या सिक्के रहते हैं, डिजिटल करंसी में वही डिजिटल रूप में हमारे मोबाइल फोन या वॉलेट में रहेंगे और हमें लेनदेन के लिए बैंक की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम फिलहाल जिस प्रकार नकद में पैसों का लेनदेन करते हैं बिल्कुल उसी प्रकार डिजिटल रुपये से भी कर पाएंगे।




यह भी जान लें कि ई-रुपया किस तरह काम करेगा। ई-रुपया पूरी तरह से कैशलैस और कांटैक्टलैस भुगतान प्रणाली है। इसका इस्तेमाल एक ही बार किया जा सकता है। ई-रुपया वास्तव में टोकन आधारित होगा, जो एक ई-मेल जैसा हो सकता है और पैसे भेजने के लिए पासवर्ड डालना होगा, जो बिना इंटरनेट के कार्य करेगा। ई-रुपये से मोबाइल फोन के जरिये चंद सेकेंडों में ही लेनदेन संभव होगा और इस लेनदेन को इलेक्ट्रॉनिक रूप से देखा भी जा सकेगा। इसकी सबसे खास बात यही है कि इसके माध्यम से लेनदेन डिजिटल भुगतान प्रणाली की तुलना में ज्यादा रीयल टाइम और कम लागत में होगा और इसमें बैंकों की तरह निपटान की जरूरत भी नहीं होगी। सीबीडीसी में नकद देते ही इंटरबैंक सैटलमेंट की जरूरत नहीं रह जाएगी, जिससे लेनदेन कम लागत में होगा। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि ई-रुपये से देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और ज्यादा मजबूत होगी और इससे देश की भुगतान प्रणाली को पारदर्शी बनाने में भी मदद मिलेगी। देश में डिजिटल करंसी का प्रचलन बढ़ने पर रुपये छापने की लागत बहुत कम हो जाएगी और इससे धन भेजना भी सस्ता होगा। वास्तव में यह क्रिप्टो करंसी से बिल्कुल अलग है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी अन्य वर्चुअल करंसी से अलग कैसे है? डिजिटल करंसी को लेकर आरबीआई स्पष्ट कर चुका है कि यह एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना उन निजी आभासी मुद्राओं अथवा क्रिप्टो करंसी से नहीं की जा सकती, जिनका चलन हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है। दरअसल बिट कॉइन या अन्य क्रिप्टो करंसी डीसेंट्रलाइज्ड होती है, जिन पर किसी भी सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होता जबकि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी सेंट्रलाइज्ड है। इसे भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है और इसे आरबीआई ही जारी करेगा। इसलिए यह पूरी तरह सुरक्षित है। इसे आसानी से एक मोबाइल से दूसरे पर भेजा जा सकेगा और इससे हर प्रकार का सामान खरीदा जा सकेगा तथा प्रत्येक सेवाओं के लिए इसका उपयोग किया जा सकेगा। सामान्य शब्दों में कहा जाए तो डिजिटल करंसी का इस्तेमाल हम अपने सामान्य रुपये-पैसे के रूप में कर सकेंगे लेकिन ये रुपये-पैसे डिजिटल फॉर्म में होंगे। यही कारण है कि डिजिटल करंसी में निवेश करना दुनियाभर में प्रचलित अन्य वर्चुअल करंसी के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित माना जा रहा है। डिजिटल करंसी में ब्लॉक चेन टैक्नोलॉजी तथा अन्य तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है।

# हिंदी में पढ़ाई

नई शिक्षा नीति के तहत देश ने पेशेवर शिक्षा भी हिंदी माध्यम से देने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। अब तक चिकित्सा शास्त्र की पढ़ाई सिर्फ अंग्रेजी में ही होती थी और उसकी किताबें अंग्रेजी में ही उपलब्ध हुआ करती थीं, लेकिन अब चिकित्सा के तीन विषयों की तीन किताबों का हिंदी में आना सुखद और ऐतिहासिक प्रगति है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत एमबीबीएस छात्रों के लिए हिंदी पाठ्य-पुस्तकों का अनावरण किया है। अपनी तरह के इस पहले कदम के तहत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के हिस्से के रूप में तीन विषयों, जैव रसायन, शरीर रचना विज्ञान और चिकित्सा शरीर क्रिया विज्ञान की हिंदी पाठ्य-पुस्तकों का विमोचन किया गया है। लगे हाथ, उन्होंने यह भी घोषणा की है कि इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक और कानून की शिक्षा भी जल्द ही हिंदी में दी जाएगी। जाहिर है, हिंदी में ऐसी पहल को किसी हिंदीभाषी क्षेत्र के राज्य को ही अंजाम देना था और इसमें मध्य प्रदेश ने बाजी मार ली है।

पेशेवर या व्यावसायिक शिक्षा मातृभाषा या हिंदी में देने की चर्चा पुरानी है। संविधान निमार्ताओं ने यही सोचा था कि आजादी मिलने के बाद के दो दशक में हिंदी समृद्ध हो जाएगी और अंग्रेजी अनिवार्य नहीं रह जाएगी। लेकिन यह सच है, हमारी सरकारों ने भाषा संबंधी बाधाओं से जूझने का जोखिम नहीं उठाया और अंग्रेजी स्वाभाविक ही सशक्त होती चली गई। हिंदी क्षेत्र में डॉक्टरी भले ही मातृभाषा में होती है, लेकिन पढ़ाई तो अंग्रेजी में ही होती आई है। जब अस्पतालों में डॉक्टर-मरीज संवाद हिंदी में होता है, तो डॉक्टरों का आपसी परामर्श या चिकित्सा कार्य अंग्रेजी में क्यों हो? इलाज भी अगर हिंदी में होगा, तो शायद ज्यादातर मरीजों को समझने में सुविधा होगी। अभी तो अनेक डॉक्टरों के हाथ से लिखी पर्ची को पढ़ना-समझना भी आसान नहीं है। हालांकि, हिंदी में पढ़ाई से एक खतरा यह है कि विदेश में नौकरी नहीं मिलेगी। शायद सरकार नीति के तहत ही ऐसा चाहती है कि देश के योग्य पेशेवर देश की सेवा में ही अपनी प्रतिभा का उपयोग करें। वैसे अगर भाषा को माध्यम बनाकर ब्रेन ड्रेन को रोकने का सपना देखा जा रहा है, तो इसमें बहुत सफलता नहीं मिलेगी। ब्रेन ड्रेन रोकने के दूसरे बेहतर तरीके हो सकते हैं। देश में अगर कार्य संस्कृति व वेतन-भत्ते को सुधार लिया जाए, तो बहुत सारे युवा या डॉक्टर, इंजीनियर ऐसे भी होंगे, जो विदेश से लौट आएंगे। खैर, पेशेवर शिक्षा को हिंदी भाषा में प्रदान करने के मामले में हम पिछड़ गए हैं, लेकिन इसके लिए अभी कतई दुखी होने या अफसोस करने की जरूरत नहीं है। भारत अनेक भाषाओं का देश है और यहां हिंदी को किसी भी भाषा पर थोपा नहीं जा सकता, यह भारत की उदारता के विरुद्ध होगा। जो देश छोटे थे या जिन देशों ने तानाशाही की, वहां स्थानीय भाषा में पूरी शिक्षा संभव हो गई। वास्तव में, पेशेवर शिक्षा में पूरा जोर गुणवत्ता पर होना चाहिए। अगर हम अपने हर शिक्षण संस्थान में गुणवत्तापूर्ण डॉक्टर, इंजीनियर, वकील पैदा करने लगेंगे, तब जरूरी बदलाव लाने में हम सफल होंगे। गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए चलना होगा। फिलहाल, यह खुशी की बात है कि 10 हिंदीभाषी और गैर-हिंदीभाषी राज्यों ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की पुस्तकों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद शुरू कर दिया है। कुल मिलाकर, आने वाले समय में भारत में दस से ज्यादा भाषाओं में पेशेवर पढ़ाई की आजादी होगी और होनी भी चाहिए।

# साइबर धोखाधड़ी से बचें, तुरंत करें शिकायत और हों सुरक्षित

साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई में एक महत्त्वपूर्ण कदम है तत्काल शिकायत करना। संभावित होने वाली किसी भी साइबर अपराध की जानकारी के बाद, व्यक्ति को तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर क्राइम निवारण इकाई में शिकायत दर्ज करनी चाहिए। साइबर क्राइम का बढ़ता चेहरा हमारे डिजिटल युग में एक बड़ी चिंता का सबब बन गया है। इंटरनेट और तकनीकी उन्नति के साथ, इसके साथ साइबर जोखिम भी बढ़ गए हैं। व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, रैंसमवेयर, वेबसाइटों के हैकिंग आदि साइबर क्राइम के प्रमुख उदाहरण हैं। ये अपराध लोगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि व्यापारिक और सार्वजनिक स्तर पर भी।


साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई में एक महत्त्वपूर्ण कदम है तत्काल शिकायत करना। संभावित होने वाली किसी भी साइबर अपराध की जानकारी के बाद, व्यक्ति को तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर क्राइम निवारण इकाई में शिकायत दर्ज करनी चाहिए। बहुत सारे लोग इस बात को नजरअंदाज करते हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि शिकायत करने से उन्हें और ज्यादा मुसीबत में डाला जाएगा, लेकिन यह गलत धारणा है।

शिकायत करना ही सबसे बेहतरीन रास्ता है ताकि आप सुरक्षित रह सकें और अपराधियों को पकड़ा जा सके। साइबर क्राइम से निपटने के लिए पुलिस और साइबर निवारण दलें तत्पर हैं और शिकायत करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए उन्हें उनकी पूरी मदद करने के लिए तैयार हैं। यदि आप किसी साइबर अपराध के शिकार हैं, तो आपको रिपोर्ट साइबर के माध्यम से मामले की तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए, ताकि इसे जांच के लिए सही कानून प्रवर्तन एजेंसी को भेजा जा सके।

शिकायत करते समय, आपको सभी जानकारी को सही और सटीक तरीके से प्रस्तुत करना चाहिए। अपनी संदिग्धियों को साफ तरीके से व्यक्त करें और संभावित आक्रमण के सबूतों को संग्रहित करें। यह जानकारी पुलिस को सहायता प्रदान करेगी और वे आपकी मदद कर सकते हैं। व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, रैंसमवेयर, वेबसाइटों के हैकिंग आदि साइबर क्राइम के प्रमुख उदाहरण हैं। ये अपराध लोगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि व्यापारिक और सार्वजनिक स्तर पर भी।

साइबर क्राइम से बचाव के लिए सावधानी बरतना भी महत्त्वपूर्ण है। इंटरनेट पर व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए सबसे अच्छा तरीका है जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल करना। सतर्क रहें, अपने पासवर्ड को मजबूत रखें, अनचाहे ईमेलों और वेबसाइटों से दूर रहें, और साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करें।

साइबर क्राइम होने पर शिकायत करना सबसे बड़ा कदम होता है जो हमें मुसीबत से बचा सकता है। यदि हम सभी मिलकर सावधान रहें और साइबर सुरक्षा को गंभीरता से लें, तो हम सब मिलकर इस डिजिटल युग में सुरक्षित रह सकते हैं।



# बिहार में इस रूट पर 120 की रफ्तार से चलेंगी ट्रेनें, 30 किमी नई डबल लाइन तैयार

**एजेंसी**

**बिहार:** बिहार के कटिहार रेल मंडल के यात्रियों का लंबा इंतजार अब खत्म हो गया है. कटिहार-बारसोई रेल लाइन डबलिंग प्रोजेक्ट के पहले फेज का पूरा कर लिया गया है. इसके तहत कटिहार-सोनैली और कटिहार-कुरेठा के बीच करीब 30 किलोमीटर लंबी नई डबल रेल लाइन बनकर पूरी तरह तैयार है. रेलवे सुरक्षा आयुक्त सुमित सिंघल की देखरेख में इस नए ट्रैक पर 126 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हाईस्पीड ट्रेन दौड़ाकर ट्रायल किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा. इस सफल ट्रायल के बाद अब इस रूट पर नियमित ट्रेनों को चलाने का रास्ता साफ हो गया है.



**950 करोड़ का प्रोजेक्ट, 120 की स्पीड से दौड़ेंगी ट्रेनें**

इस पूरे बड़े प्रोजेक्ट की कुल लागत करीब 950 करोड़ रुपये है. इसके तहत कुल 64 किलोमीटर लंबी रेल लाइन को डबल किया जाना है. पहले फेज का काम पूरा होने से इस मुख्य रूट पर ट्रेनों का आना-जाना बेहद आसान हो जाएगा. अब इस ट्रैक पर ट्रेनें लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटे की टॉप स्पीड से दौड़ सकेंगी. इससे यात्रियों के समय की बचत होगी और पहले के मुकाबले ज्यादा ट्रेनों का संचालन किया जा सकेगा.

**रद्द हुई ट्रेनें फिर से पटरी पर लौटेंगी**

इस डबलिंग के काम की वजह से पिछले दिनों इस रूट की ट्रेनों पर काफी असर पड़ा था. काम को पूरा करने के लिए 10 जून से एक दर्जन से भी ज्यादा ट्रेनों को रद्द करना पड़ा था, जबकि कई ट्रेनों के रूट बदल दिए गए थे. अब नया ट्रैक चालू हो जाने से रद्द की गई इन सभी ट्रेनों को धीरे-धीरे फिर से शुरू कर दिया जाएगा. इससे सीमांचल के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी. कटिहार मंडल के डीआरएम कीरेन्द्र नाराह ने बताया कि हरी झंडी मिलने के बाद नए ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही शुरू करा दी गई है.

**दिसंबर 2026 तक पूरा होगा दूसरा फेज**

डीआरएम ने आगे बताया कि यह पूरा प्रोजेक्ट दो हिस्सों में बांटा गया है. पहले फेज का काम पूरा होने के बाद अब दूसरे फेज के तहत बची हुई 34 किलोमीटर लंबी रेल लाइन को डबल करने का काम तेजी से किया जा रहा है. रेलवे अधिकारियों ने इस दूसरे चरण के काम को दिसंबर 2026 तक पूरा करने का टारगेट रखा है. जब यह पूरा प्रोजेक्ट कंप्लीट हो जाएगा, तब उत्तर-पूर्व बिहार और सीमांचल के लाखों लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा. इससे न सिर्फ यात्री ट्रेनों का समय सुधरेगा बल्कि मालगाड़ियों की रफ्तार भी बढ़ेगी.

# क्रिकेटर आकाशदीप व मुकेश को सम्राट सरकार का तोहफा, बिहार पुलिस में डीएसपी नियुक्त

**एजेंसी**

**बिहार:** भारतीय क्रिकेट के दो खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शानदार तोहफा दिया है. क्रिकेट के क्षेत्र में बिहार का नाम दुनिया भर में रोशन करने वाले रोहतास के स्टार बॉलर आकाशदीप और गोपालगंज के गेंदबाज मुकेश कुमार को पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नियुक्त किया है. सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया.चयन समिति की अनुशंसा के बाद सरकार ने दोनों खिलाड़ियों को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया. नियुक्ति बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली के तहत की गई है. दोनों खिलाड़ियों को उनकी खेल उपलब्धियों के आधार पर यह सम्मान मिला है.बता दें कि आकाशदीप की 24 जून को शादी होने वाली है, जिससे उनके और परिवार खुशियां दोगुनी हो गई. मुकेश कुमार एशियन गेम्स 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे. आकाशदीप भी भारतीय क्रिकेट टीम के अहम सदस्य रहे हैं.दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है. बिहार सरकार ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की नीति के तहत यह कदम उठाया. इससे अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी.आकाशदीप अब तक भारत के लिए 10 टेस्ट मैच खेल चुके हैं. हाल के मुकाबलों में उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से उपयोगी योगदान देकर अपनी उपयोगिता साबित की है. वहीं, मुकेश तीन टेस्ट, छह वनडे और 17 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. तीन टेस्ट में सात विकेट, छह वनडे में पांच विकेट और टी-20 में 20 विकेट लेकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है.



# बिहार में विधायक के नंबर प्लेट पर घूम रही थी चोरी की गाड़ी, पुलिस का माथा ठनका, दो गिरफ्तार

**एजेंसी**

**समस्तीपुर:** बिहार के समस्तीपुर में पुलिस ने चोरी की एक गाड़ी के साथ दो शातिर अपराधियों को पकड़ा. इस गाड़ी पर लगे नंबर प्लेट की जांच करने पर पुलिस का भी माथा ठनका. दरअसल इस चोरी की गाड़ी पर विभूतिपुर के विधायक की गाड़ी का नंबर लगा था.

**गुप्त सूचना पर कार्रवाई:** दरअसल शुक्रवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर मुफ्फसिल थाने की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की. पुलिस ने शहर के मोहनपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास से चोरी की एक स्कॉर्पियो बरामद की. पुलिस ने मौके से दो युवकों को भी गिरफ्तार किया.




**हैरान करने वाला खुलासा:** इस पूरी कार्रवाई में सबसे हैरानी की बात यह रही कि वाहन पर लगा नंबर प्लेट विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार की गाड़ी का पाया गया. मामले का खुलासा होने के बाद थानाध्यक्ष ने तत्काल विधायक को इसकी सूचना दी. जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि मोहनपुर रोड में चोरी की एक स्कॉर्पियो का नंबर प्लेट बदला जा रहा है.

**कागजात नहीं हुए पेश:** वहीं सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध वाहन के साथ दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया. पूछताछ के दौरान वे वाहन से संबंधित कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सके. इसके बाद पुलिस टीम दोनों युवकों और गाड़ी को लेकर सीधे थाना आई.

**चेसिस नंबर का मिलान:** थाने में वाहन के नंबर प्लेट की जांच की गई तो वह विभूतिपुर विधायक अजय कुमार के नाम से रजिस्टर्ड निकला. संदेह होने पर पुलिस ने स्कॉर्पियो के चेसिस नंबर का मिलान किया, जिसमें नंबर प्लेट और वाहन के वास्तविक विवरण में अंतर पाया गया. इसके बाद चेसिस नंबर के आधार पर वाहन की असली पहचान की गई.

**भोजपुर की गाड़ी:** दरअसल जांच में सामने आया कि स्कॉर्पियो का वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर-03एजे-6348 है. यह गाड़ी भोजपुर जिले की है. यह एस-5 स्कॉर्पियो वाहन कुछ महीने पहले आरा से चोरी हुआ था, जिसकी प्राथमिकी संबंधित थाने में दर्ज है.

जाली नंबर प्लेटः वहीं चोरी की इस स्कॉर्पियो पर बीआर-01पीएम-0351 नंबर की प्लेट लगाई गई थी. यह नंबर विधायक अजय कुमार की गाड़ी एस-11 स्कार्पियो का पंजीकरण नंबर है. पुलिस ने वाहन के वास्तविक मालिक से संपर्क किया तो चोरी की पुष्टि हुई.

**थानाध्यक्ष का बयान:** मुफ्फसिल थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि चोरी के वाहन पर विधायक की गाड़ी का नंबर प्लेट कैसे लगाया गया.

**विधायक की मांग:** वहीं विभूतिपुर विधायक अजय कुमार ने बताया कि मेरी स्कॉर्पियो एस-11 फिलहाल बिक्री के लिए महिंद्रा एजेंसी में खड़ी है और इसकी रसीद भी मेरे पास उपलब्ध है, पुलिस से जानकारी मिलने के बाद मैंने एजेंसी से संपर्क किया जहां मेरी गाड़ी और उसका नंबर प्लेट सही सलामत पाया गया है.

## संक्षिप्त खबर

### बिहार में शिक्षक का शव बरामद, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**पटना:** बिहार की राजधानी पटना से सटे मसौढ़ी में थाना क्षेत्र के खरजामा गांव के पास एक खेत से 28 वर्षीय युवक का शव बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर गहन जांच पड़ताल में जुट गई. मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया.खेत में युवक का शव मिलने के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई. मृतक की पहचान खरजामा निवासी 28 वर्षीय निशांत कुमार के रूप में हुई है, जिनके पिता का नाम बिंदेश्वर प्रसाद मंडल है. निशांत कुमार पेशे से एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे. परिजनों के अनुसार निशांत कल सुबह 11 बजे से ही अचानक घर से लापता थे. शनिवार की सुबह खरजामा और जिलालबीघा गांव के बीच स्थित खेत में उनका शव बरामद किया गया. जिस जगह पर निशांत का शव पाया गया है, वह उनका खुद का ही खेत और केबिन था. घटना की सूचना जैसे ही फैली, आसपास के कई गांवों के लोग और रोते-बिलखते परिजन तुरंत मौके पर पहुंच गए. मृतक की मां ने रोते हुए बताया कि निशांत की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी. उनका न तो कोई जमीन का विवाद था और न ही कोई संपत्ति का झगड़ा था. वहीं वारदात की सूचना मिलते ही मसौढ़ी पुलिस की टीम भारी दलबल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंची. एफएसएल की टीम ने सबूत सुरक्षित रखने के लिए घटनास्थल की बैरिकेडिंग कर दी और जरूरी सैंपल जुटाए. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके से कुछ सामान भी अपने कब्जे में लिया है. ग्रामीणों में चर्चा है कि यह सामान्य मौत नहीं है और किसी ने वारदात को अंजाम दिया है. मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा. मृतक के पिता ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर सीधे तौर पर गला दबाकर हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है. मृतक के पिता बिंदेश्वर प्रसाद मंडल ने कहा कि बेटे की किसी ने गला दबाकर हत्या कर दी और शव यहां डाल दिया है, यह सरासर हत्या है और मैं इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करता हूं. निशांत के शांत व्यवहार को देखते हुए गांव के लोग भी इस दुखद घटना से बेहद हैरान और स्तब्ध हैं. स्थानीय निवासी मनोज प्रसाद ने बताया कि कल सुबह 11 बजे से यह गांव से लापता था, यह भैंसवां में प्राइवेट स्कूल में पढ़ाता भी था, हालांकि युवक बहुत ही शांत स्वभाव का था, किसने इस घटना को अंजाम दिया है यह पूरी तरह जांच का विषय है.

### मोहर्रम से पहले बिहार में हाई अलर्ट, सीएम सम्राट चौधरी ने बुलाई बड़ी बैठक, आरएएफ तैनाती का आदेश

बिहारः बिहार में मोहर्रम के दौरान शांति, सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की. बैठक में राज्य पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, डीजीपी, मुख्य सचिव और गृह विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जोड़ा गया. मुख्यमंत्री ने जिलेवार तैयारियों की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की.मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मोहर्रम के दौरान राज्य में कानून-व्यवस्था हर हाल में कायम रहनी चाहिए. किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी सतर्कता बरती जाए. उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने या माहौल खराब करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए. ऐसे तत्वों पर प्रशासन की विशेष नजर रहे.बैठक में राज्य के संवेदनशील जिलों और क्षेत्रों की भी समीक्षा की गई. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जहां भी अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत है, वहां सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जाए. पुलिस अधिकारियों को लगातार गश्त बढ़ाने, भीड़भाड़ वाले इलाकों पर नजर रखने और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तेज करने के निर्देश दिए गए.त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए कई जिलों में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की तैनाती का फैसला लिया गया है. इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस बलों को भी संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा. प्रशासन का उद्देश्य है कि मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो.मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी तरह अलर्ट मोड में रहें. किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाए और स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाए रखा जाए. उन्होंने कहा कि बिहार की पहचान सामाजिक सौहार्द और भाईचारे से है. इसे किसी भी कीमत पर प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा. सरकार त्योहार के दौरान हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है.

### बिहार में युवक को पत्नी और बच्चे के सामने अपराधियों ने सीने और हाथ में मारी गोली

**मुजफ्फरपुर** : बिहार के मुजफ्फरपुर में सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है. मीनापुर थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव में जमीनी विवाद ने एक बार फिर खूनी रूप ले लिया. देर रात दरवाजे पर चढ़कर बदमाशों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी. घटना में 36 वर्षीय अजीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. उन्हें इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि परिवार में लंबे समय से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था. आरोप है कि देर रात जब पूरा परिवार सोने की तैयारी कर रहा था, तभी आधा दर्जन से अधिक की संख्या में पट्टीदार हथियार लेकर पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. इस दौरान अजीत कुमार के सीने और हाथ में गोली लगी. घायल अजीत कुमार ने बताया कि जमीन बंटवारे का मामला चल रहा है और शनिवार को सीओ कार्यालय में सुनवाई होनी थी. उन्होंने आरोप लगाया कि इसी वजह से उन पर हमला किया गया. अजीत ने यह भी बताया कि वर्ष 2019 में उनके बड़े भाई अखिलेश राय की हत्या हुई थी, जिसमें वह मुख्य गवाह हैं. उसी केस को लेकर भी लगातार धमकी मिल रही थी. घायल की पत्नी ने बताया कि उनके और बच्चों के सामने आरोपियों ने अजीत पर गोली चलाई. उन्होंने कहा कि हमलावर हत्या की नीयत से आए थे. किसी तरह जान बचाकर परिवार वहां से भगा और घायल को अस्पताल पहुंचाया. घायल का इलाज कर रहे डॉक्टर अमृतांशु प्रांजल ने बताया कि मरीज को कई गोलियां लगने की आशंका है. एक गोली हाथ में फंसी हुई है, जिससे हाथ की हड्डी टूट गई है.

# गोपालगंज: हीट स्ट्रोक का खतरा, चार दिनों तक हीटवेव का अलर्ट, 27 जून तक मानसून पहुंचने की संभावना

**एजेंसी**

**गोपालगंज :** ज्येष्ठ की गर्मी अब बेचैन कर रही है. राहत की वर्षा का इंतजार बढ़ा रही है. उधर मानसून ने मुंह मोड़ लिया है, पूर्वी बिहार तक पहुंचकर गोपालगंज समेत उत्तर बिहार के लोगों को तरसा रहा है. शनिवार को शहर में भीषण गर्मी पड़ी. दिन तो दिन रात को भी राहत नहीं मिली.उमस ने पसीना सूखने नहीं दिया, जबकि हलक को सुखा कर रख दिया. तेज धूप और गर्म हवा के कारण दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा नजर आया. शहर में एक बार फिर हीटवेव का असर तेज हो रहा. पुरवा हवा भी राहत नहीं दे सकी. मौसम विभाग ने 24 जून तक हीटवेव बने रहने की संभावना जताई है.



**हीट इंडेक्स 65 तक पहुंचा तो बढ़ी बेचैनी**

शनिवार को अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया. जबकि 48 डिग्री जैसी गर्मी महसूस हो रही है. बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से लगातार नमी आने के कारण उमस में भारी बढ़ोतरी हुई है. अधिकतम आर्द्रता 63 प्रतिशत और न्यूनतम 39 प्रतिशत दर्ज की गई. इसके चलते हीट इंडेक्स 65 तक पहुंच गया, जो रेड श्रेणी में माना जाता है.

**21-24 जून को हीटवेव चरम पर**

इस स्थिति में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है. 21 और 24 जून को शहर में हीट वेव अपने चरम पर रह सकती है. जिले में हीट वेव का प्रभाव पड़ा है. 21 जून से इसका दायरा बढ़ जाएगा और गोपालगंज में हीट वेव अपने पीक पर पहुंच जाएगी. अगले तीन-चार दिनों तक तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है. दिन और रात दोनों समय उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करती रहेगी.

**स्थानीय वायुमंडलीय परिस्थितियों के चलते कुछ**

स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की या छिटपुट बारिश हो सकती है, लेकिन इससे गर्मी से खास राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. प्रशांत महासागर में तापमान सामान्य से लगभग 0.8 डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है. इसके साथ ही हिंद महासागर डाइपोल (आइओडी) अभी तटस्थ अवस्था में है, जो अगस्त-सितंबर में विकसित हो सकता है.

# पटना के नौबतपुर गैंगरेप कांड में मेडिकल जांच पूरी, मुख्य आरोपी समेत दर्जनभर फरार

**एजेंसी**

**पटना:** पटना के नौबतपुर में हुए इस गंभीर मामले के बाद पुलिस ने पीड़ित दोनों बहनों की मेडिकल जांच पूरी कर ली है. साथ ही एफएसएल टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं, जिससे जांच को वैज्ञानिक आधार मिलने की उम्मीद है.

**महिला पुलिस की निगरानी में हुई मेडिकल प्रक्रिया**

इस संवेदनशील मामले में पीड़िताओं की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए मेडिकल जांच के दौरान महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी. पुलिस ने पूरी प्रक्रिया को नियमानुसार संपन्न कराया.

**36 घंटे बाद भी पुलिस को बड़ी सफलता नहीं**

घटना के 36 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस को कोई बड़ी सफलता नहीं मिल पाई है. शुरूआती कार्रवाई में एक आरोपी सूरज कुमार को गिरफ्तार किया गया है, जिससे पूछताछ जारी है.



**मुख्य आरोपी समेत दर्जनभर फरार**

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी मुन्ना कुमार, उसका सहयोगी भानु कुमार और अन्य दर्जनभर आरोपी अब भी फरार हैं. सभी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है.

**डीएसपी कर रहे जांच की मॉनिटरिंग**

फुलवारीशरीफ के डीएसपी-2 दीपक कुमार खुद पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं. उन्होंने कहा है कि जांच को गंभीरता से आगे बढ़ाया जा रहा है और सभी पहलुओं की बारीकी से पड़ताल की जा रही है.

**तकनीकी सेल की मदद से चल रही तलाश**

पुलिस तकनीकी सेल की मदद से आरोपियों के मोबाइल लोकेशन और संभावित ठिकानों का पता लगा रही है. अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

**इलाके में आक्रोश, सख्त सजा की मांग**

घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है. लोग सभी दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई और त्वरित न्याय की मांग कर रहे हैं.

# बिहार में लव मैरिज की खौफनाक सजा! 19 साल की बेटी को मार डाला, नदी किनारे जलाया शव

**एजेंसी**

**मुजफ्फरपुर:** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में अंतरजातीय प्रेम विवाह को लेकर एक बार फिर ऑनर किलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है. 19 वर्षीय सुजाता कुमारी की उसके परिजनों ने कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी और पहचान मिटाने के लिए शव को बूढ़ी गंडक नदी किनारे जला दिया.

**छह साल पुराना प्रेम, जनवरी में हुई शादी:** सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के कोदरिया गोसाईपुर निवासी सुजाता कुमारी और घंसौत गांव के गौरीशंकर कुमार के बीच 2020 से प्रेम संबंध चल रहा था. दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे. 18 जनवरी 2026 को दोनों घर से भागकर समस्तीपुर में शादी कर ली और हरियाणा चले गए. अलग-अलग जाति होने के कारण सुजाता का परिवार इस रिश्ते से नाराज था.




**पुलिस ने हरियाणा से बरामद किया जोड़ा:** युवती के परिजनों ने अपहरण का मामला दर्ज कराया था. पुलिस ने 11 फरवरी को हरियाणा से दोनों को बरामद किया. अदालत में सुजाता ने कहा कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से शादी की है. इसके बावजूद गौरीशंकर को जेल भेज दिया गया और सुजाता रिश्तेदार के यहां रही। होली के दौरान उसकी मां उसे घर ले गई.

**31 मार्च के बाद सुजाता लापता:** गौरीशंकर मार्च में जेल से छूटने के बाद पत्नी से संपर्क नहीं हो पा रहा था. 31 मार्च को आखिरी बातचीत हुई थी. उसने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पत्नी की हत्या की आशंका जताई और दोषियों की गिरफ्तारी न होने पर आत्महत्या की चेतावनी दी.

**गला दबाकर की हत्या, नदी किनारे जलाया शव:** विशेष जांच टीम की पूछताछ में अभिषेक कुमार ने स्वीकार किया कि 8 मई को परिवार ने सुजाता की गला दबाकर हत्या कर दी. परिवार को डर था कि वह दोबारा पति के पास चली जाएगी. हत्या के बाद शव को बूढ़ी गंडक नदी किनारे ले जाकर जला दिया गया.

सोशल मीडिया पोस्ट से खुला राजः सुजाता के पति गौरीशंकर के सोशल मीडिया पोस्ट ‖मेरी पत्नी के हत्यारों को पकड़ो, नहीं तो मैं आत्महत्या कर लूंगा‖ के बाद पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू की, जिसके बाद यह पूरा हत्याकांड सामने आया.

**क्या कहती है पुलिस?:** पुलिस की निशानदेही पर फॉरेंसिक टीम ने शव जलाने वाले स्थान से नमूने एकत्र किए हैं। कांतेश मिश्रा के निर्देश पर ग्रामीण एसपी और डीएसपी पूर्वी की टीम ने त्वरित कार्रवाई की. मामले में पांच से अधिक लोगों की भूमिका बताई जा रही है. डीएसपी अलय वत्स ने बताया कि गौरीशंकर कुमार के आवेदन पर सिवाईपट्टी थाना कांड संख्या 125/26 दर्ज किया गया। अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है. बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है.

# शादी से लौटे रहे युवकों को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा, 2 की मौत, 1 गंभीर



**एजेंसी**

**बिहार :** बिहार से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर आ रही है, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई व एक गंभीर रूप से घायल है. ताजा मामला बेतिया का है, जहां शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की बाइक की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई.जानकारी के अनुसार, बानूछापर वार्ड संख्या-29 निवासी वीरेंद्र यादव के पुत्र गुलशन कुमार, प्रेम प्रसाद गुप्ता अपने एक साथी के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए मझौलिया गए थे. हादसे में गुलशन कुमार और चेतन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई. टक्कर के बाद तीनों दीर जा गिरे और उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई. टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया. घटना की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया. अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद गुलशन और प्रेम को मृत घोषित कर दिया. वहीं, तीसरे युवक की हालत नाजुक है. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. और परिजनों को सूचना दे दी गई. सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. परिजनों फरार वाहन चालक को गिरफ्तार करने की मांग की.पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है. घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है.

# मैक्सिको नॉकआउट में जाने वाली पहली टीम

## साउथ कोरिया को हराया





मैक्सिको के फैंस ने खचाखच भरे स्टेडियम में टीम के सपोर्ट में लगाए नारे

गुआडालाजारा

लुइस रोमो ने दक्षिण कोरिया की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाते हुए गोल दागा, जिससे सह मेजबान मैक्सिको 1-0 से जीत हासिल करके मौजूदा विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मैच जब गोलरहित बराबरी पर चल रहा था तब खेल के 58वें मिनट में दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम सेउंग-ग्यू और डिफेंडर ली गी-ह्युक के बीच टक्कर होने से गेंद पेनल्टी एरिया के अंदर छूट गई। रोमो के पास यह सुनहरा मौका था और उन्होंने गेंद को आसानी से खाली नेट में डालकर गोल कर दिया, जो बाद में निर्णायक साबित हुआ। यह उस टीम के लिए एक बड़ी जीत है, जो 2022 में ग्रुप चरण में जीत हासिल करने में नाकाम रही थी और अब उसने घरेलू मैदान पर उत्साहित दर्शकों के सामने दो बार जीत हासिल की है।

### दर्शकों ने खचाखच भरे स्टेडियम में जयकारे लगाए

मैक्सिको के खिलाड़ियों ने मैदान पर जश्न मनाया जबकि दर्शकों ने एस्टाडियो एक्रोन के खचाखच भरे स्टेडियम में जयकारे लगाए और गीत गाए। खिलाड़ियों ने प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। दक्षिण कोरिया ने 87वें मिनट में लगभग बराबरी कर ली थी लेकिन मैक्सिको के गोलकीपर राउल रेंगल ने दो शानदार बचाव करके खतरे को टाल दिया था। उन्होंने पहले चो ग्वे-सुंग के करीब से किए गए हेडर को रोका और फिर रिबाउंड पर यांग ह्यून-जून के प्रयास को और भी बेहतर तरीके से नाकाम किया।

## मंजांबी ने लगाया वॉली शाट, दागा पहला गोल

**स्विट्जरलैंड ने बोस्निया हर्जेगोविना को हराया**



इंगलवुड। स्थानापन्न खिलाड़ी योहान मंजांबी के दो गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने विश्व कप फुटबॉल की ग्रुप बी के मैच में बोस्निया-हर्जेगोविना पर 4-1 से जीत शानदार जीत हासिल की। मंजांबी ने मैदान पर उतरने के तीन मिनट बाद ही मैच के 74वें मिनट में एक शानदार वॉली शॉट लगाकर विश्व कप में अपना पहला गोल किया। यह स्विट्जरलैंड का मैच में पहला गोल भी था। इसके बाद उसने गोल की झड़ी लगाकर ग्रुप बी में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बोस्निया के टैरिक मुहारेमोविच को खतरनाक टैकल के लिए लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण उसकी टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जिसका स्विट्जरलैंड ने पूरा फायदा उठाया। रुबेन वर्गास ने इसके कुछ देर बाद 84वें मिनट में स्विस टीम के लिए दूसरा गोल किया। मंजांबी ने वर्गास के पास पर 90वें मिनट में फिर से गोल किया, जबकि कप्तान ग्रैनिट जाका ने इंजरी टाइम के सातवें मिनट में पेनल्टी पर से गोल दागकर अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इस बीच एर्मिन महमिच ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बोस्निया के लिए गोल किया।



## डेविड ने लगाई हैट्रिक कनाडा की पहली जीत

**कतर को 6-0 से दी करारी शिकस्त**

*वैंकूवर। जोनाथन डेविड ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच हैट्रिक लगाई, जिससे कनाडा ने कतर को 6-0 से करारी शिकस्त देकर विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की और नॉकआउट राउंड में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर ली। कतर के दो खिलाड़ियों को लाल कार्ड मिले, जिससे उसकी टीम 9 खिलाड़ियों तक सिमट गई। कनाडा की टीम ने इसका पूरा फायदा उठाया। होमन अहमद को पहले हाफ (33वें मिनट) में ही ताजोन बुकानन पर फाउल करने के लिए मैदान से बाहर भेज दिया गया था। इसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में ही असीम मदीबो (51वें मिनट) को इस्माइल कोने पर फाउल करने के कारण लाल कार्ड दिखाया गया। उन्होंने कोने के बाएं पैर के निचले हिस्से में चोट पहुंचाई थी जिससे कनाडा के खिलाड़ी को मैदान से बाहर ले जाया गया।*

## मोकोएना ने पेनल्टी को गोल में बदला

**द.अफ्रीका ने चेक गणराज्य के खिलाफ खेला ड्रॉ**



अटलांटा। तेबोहो मोकोएना ने आखिरी क्षणों में पेनल्टी को गोल में बदलकर न सिर्फ दक्षिण अफ्रीका को हार से बचाया बल्कि चेक गणराज्य के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ कराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप ए में उसे एक महत्वपूर्ण अंक भी दिलाया। मोकोएना ने मैच में आंखों में आंसू लिए खेल शुरू किया और चेहरे पर मुस्कान के साथ खेल समाप्त किया। मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में छठे मिनट में मिखाल सादिलेक ने चेक गणराज्य को बढ़त दिलाई। अलेक्जेंडर सोज्का ने सादिलेक को पास दिया और उन्होंने गोलकीपर रोनवेन विलियम्स को चकमा देते हुए गोल दाग दिया। चेक गणराज्य जब जीत की तरफ बढ़ रहा था तब थापेलो मासेको का लंबी दूरी का शॉट पेनल्टी एरिया में चेक प्रतिद्वंद्वी पावेल सुल्क के हाथ को स्पर्श कर गया। मैच से पहले राष्ट्रगान के दौरान आंसू बहाते हुए दिखाई देने वाले मोकोएना ने 83वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट पर कदम रखा और चेक गणराज्य के गोलकीपर मातेज कोवर के पास निचले हिस्से में शॉट मारकर गोल कर दिया।

## खबर संक्षेप



### इनियन ने जीता ग्लोबल चेस फेस्टिवल का खिताब

मुंबई। ग्रैंडमास्टर इनियन पा ने अपनी शीर्ष रैंकिंग के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए शुरू से लेकर अंत तक दबदबा बनाकर ग्लोबल चेस फेस्टिवल का खिताब जीत लिया। चौबीस साल के राष्ट्रीय चैंपियन इनियन ने अंतिम दौर में अजय संतोष पर्वतरेड्डी के साथ ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट में पदार्पण करते हुए खिताब जीता। उन्हें 8 लाख रुपए की इनामी राशि मिली। इनियन ने प्रतियोगिता में अजेय रहते हुए 7.5 अंक के साथ खिताब जीता। बोरिस सावचेंको ने अंतिम दौर में आकाश शरदचंद्र दाल्वी के साथ ड्रॉ खेलकर 6.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। नितिन बाबू ने चैलेंजर बर्ग जबकि माधवेंद्र प्रताप शर्मा ने जूनियर मास्टर्स वर्ग का खिताब जीता।

### 'स्पार्क' ने किया ईस्पोर्ट्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई



मुंबई। भारत के ट्रैकमेनिया खिलाड़ी कुणाल उप्रेती (स्पार्क के नाम से मशहूर) ने एशिया और ओसनिया क्वालीफायर के जरिए जगह बनाकर ईस्पोर्ट्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया, जिससे वह इस रेसिंग खिताब में देश के अकेले प्रतिनिधि हैं। ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 19 से 22 अगस्त तक होगा, जिसमें दुनिया के 32 शीर्ष खिलाड़ी 500,000 अमेरिकी डॉलर (4.7 करोड़ रुपए) की कुल पुरस्कार राशि के लिए मुकाबला करेंगे। स्पार्क भारतीय ईस्पोर्ट्स संस्थान एस8यूएल के उन तीन ट्रैकमेनिया खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के पहले चरण के लिए जगह बनाई है।

**आज दोपहर 1.30 बजे से अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरा वनडे**

## 'सुपर सैटरडे': क्लीन स्वीप पर भारत की नजर

चेन्नई

पहले दो मैच में धमाकेदार जीत से उत्साहित भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी, जिसमें केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। राहुल की वनडे टीम में जगह को लेकर कभी कोई संदेह नहीं रहा है, लेकिन जायसवाल शीर्ष क्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अपनी जगह पक्की करने के लिए बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। जायसवाल ने 2025 के बाद वनडे टीम में वापसी की है लेकिन वह लखनऊ में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे मैच में केवल चार रन ही बना पाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इससे पहले, जो आखिरी वनडे खेला था उसने उन्होंने विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 116 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद स्थिति काफी बदल गई है और अब ईशान किशन की वापसी ने शीर्ष क्रम में एक और दावेदार को जोड़ दिया है।



### राहुल का 5वें नंबर पर प्रदर्शन अच्छा

राहुल का मामला बिल्कुल अलग है। लंबे अंतराल के बाद भारतीय टीम में अय्यर की वापसी का मतलब है कि 34 वर्षीय राहुल को अब अधिकतर मौकों पर छठे नंबर पर बल्लेबाजी करनी होगी। राहुल लंबे समय तक पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने इस पोजीशन पर अच्छा प्रदर्शन भी किया है। उन्होंने पांचवें नंबर पर खेलते हुए 38 मैचों में 63.2 के औसत से 1517 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। इसके विपरीत छठे नंबर पर उन्होंने 15 मैचों में 41.5 की औसत से 332 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है।

### राणा खेलेंगे तीसरा वनडे

तेज गेंदबाज हर्षित राणा को घुटने की चोट से उबरने के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने यह घोषणा की। राणा टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके दाहिने घुटने के नीचे की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और जिसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई थी। वह इस कारण टी20 विश्व कप और इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेल पाए थे। राणा शनिवार को होने वाले श्रृंखला के अंतिम मैच से पहले टीम के साथ जुड़ गए हैं।

## श्रेयांका विश्व कप से बाहर, प्रेमा को मौका

लीड्स

ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल टखने की चोट के कारण महिला टी20 विश्व कप से बाहर हो गई हैं और उनकी जगह लेग स्पिनर प्रेमा रावत को टीम में शामिल किया गया है, जिन्होंने अभी तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है।

23 वर्षीय पाटिल बुधवार को नीदरलैंड के खिलाफ भारत की 95 रन की जीत के दौरान चोटिल हो गई थी। यह घटना पावरप्ले के आखिरी ओवर में हुई जब पाटिल को गेंद को रोकने की कोशिश में चोट लग गई। इससे उनके टखने में मोच आ गई।



### रावत पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल

24 वर्षीय रावत को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। वह महिला प्रीमियर लीग के दो सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए छह मैच खेल चुकी हैं। रावत उस भारत ए टीम का हिस्सा थी, जिसे इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को नॉर्थम्प्टन में पहले टी20 मैच के साथ शुरू होने वाली छह मैचों की श्रृंखला खेलनी है। उन्होंने राइजिंग स्टार्स महिला एशिया कप में भी शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने 4.27 की इकॉनमी रेट से आठ विकेट लिए थे और भारत ए ने खिताब जीता था।

## दिल्ली कैपिटल्स को बल्लेबाजी के गुर सिखाएंगे युवराज

**नई दिल्ली।** युवराज सिंह इंडियन प्रीमियर लीग 2027 सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजी कोच के तौर पर टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं। आईपीएल सूत्रों ने यह जानकारी दी। दिल्ली कैपिटल्स के साथ युवराज का यह आईपीएल में पहला कोचिंग करार होगा। आईपीएल सूत्र ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ में पूरी तरह से बदलाव होगा क्योंकि समझौते के अनुसार जेएसडब्ल्यू 2027-28 सत्र के लिए प्रबंधन संभालेगा। वेणुगोपाल राव, हेमांग बदानी और मुनाफ पटेल की तिकड़ी को नए सहयोगी स्टाफ के लिए जगह बनानी होगी, जिन्हें सह मालिक जीएमआर ने नियुक्त किया था।' सूत्र ने कहा, 'सौरव गांगुली क्रिकेट निदेशक का पद संभालेंगे और युवराज बल्लेबाजी कोच के तौर पर टीम से जुड़ेंगे।' समझौते के अनुसार सह मालिक जीएमआर और जेएसडब्ल्यू बारी-बारी से दो साल के लिए पुरुषों की टीम का कामकाज संभालते हैं।



**आईसीसी महिला टी20 विश्व**

## वेस्टइंडीज का विजय अभियान जारी, स्कॉटलैंड को हराया



लीड्स

वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 7 रन से हराकर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा।

स्कॉटलैंड को जीत के लिए 154 रन की दरकार थी और टीम ने 18 ओवर में 5 विकेट पर 132 रन बना लिए थे। तेज गेंदबाज आलिया एलीन ने इसके बाद मैच का रुख वेस्टइंडीज की ओर मोड़ दिया। उन्होंने 19वें ओवर में डार्सी कार्टर (59) सहित 3 विकेट चटकाए।

स्कॉटलैंड को अंतिम ओवर में 17 रन की जरूरत थी लेकिन टीम अंतिम गेंद पर 146 रन पर सिमट गई। ग्रुप दो में अब तक वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने ही अपने दोनों मैच जीते हैं। ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

### स्टेफनी ने खेली 47 रन की नाबाद पारी

स्कॉटलैंड ने दोनों पारियों में वेस्टइंडीज को मुश्किल में डाला। टीम ने पहले अपनी अनुशासित गेंदबाजी और अच्छे क्षेत्ररक्षण से 18 ओवर में वेस्टइंडीज का स्कोर 6 विकेट पर 124 रन कर दिया। अनुभवी स्टेफनी टेलर ने हालांकि टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचा दिया। स्टेफनी ने 19 गेंद में नाबाद 47 रन की पारी खेली और 34 रन बाउंड्री से बनाए, जिससे वेस्टइंडीज की टीम छह विकेट पर 153 रन बनाने में सफल रही। वेस्टइंडीज ने अंतिम दो ओवर में 29 रन जोड़े, जिसमें से 26 स्टेफनी ने बनाए। स्कॉटलैंड के लिए कैथरीन फ्रेजर ने दो विकेट चटकाने के अलावा बाउंड्री पर शानदार कैच भी लपका और शेमाइन कैंपबेल (36) को रन आउट भी किया।

**मकाऊ ओपनः क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई अनमोल**

## सेमीफाइनल में अश्मिता, किम को 37 मिनट में हराया

मकाऊ

भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने चोट से उबरने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कोरिया की किम मिन सन को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

असम की 26 वर्षीय खिलाड़ी अश्मिता ने विश्व की 99वें नंबर की खिलाड़ी किम को 37 मिनट में 21-16, 21-18 से हराया। चोटिल होने के कारण वह तीन महीने तक खेल से बाहर रही थी और उन्होंने मई में वापसी की थी। वहीं अनमोल खरब क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई।

### अश्मिता का अगला मुकाबला यून से

इस साल बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिता में यह अश्मिता का पहला सेमीफाइनल होगा। वापसी के बाद से उन्होंने चाइना मास्टर्स सुपर 100 और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 प्रतियोगिताओं में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। विश्व की 63वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता फाइनल में जगह बनाने के लिए कोरिया की पार्क गा यून का सामना करेंगी।



### फायदा उठाने में नाकाम अनमोल

विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज अनमोल अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहीं और एक घंटे तक चले मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान की खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त हान कियान शी से 21-14 15-21 13-21 से हार गईं।

### अश्मिता और किम के बीच कांटे का मुकाबला

पहले गेम में अश्मिता और किम के बीच कांटे का मुकाबला हुआ और एक समय स्कोर 14-14 से बराबर था। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार चार अंक हासिल किए और फिर यह गेम अपने नाम कर दिया। अश्मिता दूसरे गेम में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई और किम ने 8-2 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि वापसी का शानदार नमूना पेश किया और अंतर को 16-18 तक कम कर दिया। इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक जीतकर अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

# पाकिस्तान पर भीषण ड्रोन अटैक, मारे गए भारत के कई दुश्मन!

एजेंसी



**पाकिस्तानः** पाकिस्तान की एयरफोर्स ने हाल ही में अफगानिस्तान में कई हवाई हमले किए थे जिसमें कई आम लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि इसके जवाब में अफगानिस्तान ने भी हमले किए थे। लेकिन इन हमलों में पाकिस्तान को कम नुकसान हुआ था। मगर कुछ दिनों बाद अफगानिस्तान ने पाकिस्तान से बहुत बड़ा बदला लेते हुए पूरे पाकिस्तान को धुआधुआ कर दिया है।भारत तो पाकिस्तान की खैर सेना और आतंकियों को तगड़ा सबक सिखाते हुए इन्हें 72 औरों के पास पहुंचा ही रहा है। लेकिन अब भारत के प्रति वफादारी दिखाने वाले अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के पालतू जिहादियों को ढेर करना शुरू कर दिया है। इस बार अफगानिस्तान ने पाकिस्तान से ऐसा बदला लिया है कि जिसकी तबाही को देखकर मुनीर और शहबाज ने इमरजेंसी मीटिंग बुला डाली और पाकिस्तान के कई इलाकों को हाईलाइट पर रखा गया है। दरअसल पाकिस्तान की एयरफोर्स ने हाल ही में अफगानिस्तान में कई हवाई हमले किए थे जिसमें कई आम लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि इसके जवाब में अफगानिस्तान ने भी हमले किए थे। लेकिन इन हमलों में पाकिस्तान को कम नुकसान हुआ था। मगर कुछ दिनों बाद अफगानिस्तान ने पाकिस्तान से बहुत बड़ा बदला लेते हुए पूरे पाकिस्तान को धुआधुआ कर दिया है। खबर है कि अफगानिस्तान ने बलूचिस्तान और खबर पख्तूनखा में ताबड़तोड़ ढूंढ हमले किए हैं जिसमें आईएसआईएस आतंकियों के कई ठिकाने तबाह हो गए हैं। कहा जा रहा है कि हमले इतने जबरदस्त थे कि कई आतंकियों के चितड़े उड़ गए। गौर करने वाली बात तो यह भी है कि जिन आतंकी ठिकानों को अफगानिस्तान की सेना ने इस बार निशाना बनाया है। यहां से ही भारत के खिलाफ हमले की साजिशें रचने की खबरें आती रहती है। अफगानिस्तान की इस तगड़ी कार्रवाई ने पूरे पाकिस्तान में भगदड़ मचा दी है। तालिबान का पाकिस्तान के भीतर ड्रोन हमले को अंजाम देना असीम मुनीर की सेना के लिए बहुत बड़ा झटका है। अफगान रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी करते हुए पाकिस्तान में आईएसआईएस के ठिकानों पर हवाई हमलों की पुष्टि की है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इन जगहों से अफगानिस्तान के खिलाफ कई घातक हमलों की साजिश रची गई थी। ऐसे में उनकी आर्मी ने ड्रोन के जरिए पाकिस्तान के दो प्रांतों में इन ठिकानों को निशाना बनाया। हवाई हमलों में आईएसआईएस के ठिकानों के साथ-साथ उन चरमपंथी समूह के ठिकानों को भी निशाना बनाया गया जो अफगानिस्तान के विरोधी है। दरअसल पाकिस्तान पिछले कुछ दिनों से अफगानिस्तान पर लगातार अटैक कर रहा था। तब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान से बदला लेने की बात कही थी। लेकिन अब उसने ऐसा कर भी दिया है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा है कि पिछले हफ्ते नंगाहार और पख्तिया में पाकिस्तान के हवाई हमलों में जान माल का भारी नुकसान हुआ था। इनमें अफगान महिलाएं और बच्चे मारे गए थे।

# तेलंगाना में जहरीले सांप के काटने से व्यापारी की गई जान, फार्म हाउस में हुई घटना

एजेंसी



**हैदराबादः** तेलंगाना में एक छोटे सांप से खेलने की कीमत एक व्यापारी को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी. मामला हैदराबाद के राजेंद्रनगर कादरी हिल्स में स्थित एक फार्महाउस की बताई जा रही है.खबर के मुताबिक, यहां एक छोटा सा सांप फार्म हाउस में घुस आया था. इस दौरान शख्स ने उसे हाथ से पकड़कर वहां मौजूद लोगों को डराने की कोशिश की. इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई.स्थानीय लोगों के मुताबिक, हैदराबाद के राजेंद्रनगर कादरी हिल्स के रहने वाले 30 साल के नवाब सैयद कुमैस मोहिद्दीन हुसैनी एक बिजनेसमैन थे. उनका मोइनाबाद में एक फार्म हाउस है. वह इस महीने की 17 तारीख की रात को अपने दोस्तों के साथ वहां गए थे. 18 तारीख को सुबह 3 बजे, एक छोटा सा वाइपर (सांप) फार्महाउस में आ गया. इस दौरान मोहिद्दीन उसे हाथ से पकड़कर सबको डराने लगा.इस दौरान, सांप ने उनके दाहिने अंगूठे को कसकर पकड़ लिया और काट लिया. उन्होंने दूसरे हाथ से उसे छुड़ाया, यह कहते हुए कि वह उन्हें काट रहा है. उनके आस-पास के लोग परेशान हो गए. लेकिन हुसैनी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि काटने में कुछ भी गलत नहीं है.एक घंटे बाद, जब उनके शरीर में जहर फैलने लगा तो लोग उन्हें मेहदीपट्टनम के एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर गए. डॉक्टरों ने उन्हें एक इंजेक्शन दिया. वहां दो घंटे बाद उनकी हालत और बिगड़ गई. वहां से उन्हें उस्मानिया अस्पताल बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया. डॉक्टरों ने बताया कि वहां जाने के कुछ देर बाद ही मोहिद्दीन की मौत हो गई. उनके परिवार में उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं.इस खबर से हमें यह सीख लेने की जरूरत है कि, हमें जंगली जानवरों और सांप, बिच्छू के पास नहीं जाना चाहिए. उनसे संभलकर दूरी बनाकर रहना चाहिए. खेल और हंसी-मजाक में कभी-कभी इंसान की जान पर बन आती है.घर में सांप घुसने पर कोई भी हड़बड़ाहट भरा कदम न उठाएं.

# यूएस-ईरान डील पर अमेरिका ने पाकिस्तान को दिखाया आईना, जेडी वेंस बोले- वहां प्रेस फ्रीडम कहां है

एजेंसी



**वॉशिंगटनः** पाकिस्तान के लिए वर-ईरान शांति समझौते को लेकर शर्मिंदगी का कोई अंत नहीं दिख रहा है; इस समझौते को कराने में पाकिस्तान ने कतर के साथ मिलकर मदद की थी। एक पॉडकास्ट में यूएस के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि ईरान के साथ हुए एमओयू की जानकारी जारी करने में हुई देरी की एक वजह पाकिस्तान में प्रेस की आजादी के मानक थे। हालांकि यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 जून को अंतरिम शांति समझौते की घोषणा की थी, लेकिन एमओयू का आधिकारिक टेक्स्ट दो दिन बाद जारी किया गया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने 'इंटरेस्टिंग टाइम्स विद रॉस डौथैट' पॉडकास्ट में बात करते हुए बताया कि पारदर्शिता को लेकर चिंताओं के कारण वॉशिंगटन को जानकारी जारी करने में समय लगा। वेंस ने कहा कि हम असल में इसे सामने लाना चाहते थे। मुझे लगता है कि यहाँ तालमेल न बैठने की एक वजह यह है कि पाकिस्तान और कतर के सिस्टम में 'फर्स्ट अमेंडमेंट' (अभिव्यक्ति की आजादी) और प्रेस की आजादी जैसी व्यवस्था नहीं है। अमेरिकी संविधान का पहला संशोधन सरकार को ऐसे कानून बनाने से रोकता है जो बोलने की आजादी, प्रेस की आजादी और धर्म की आजादी का उल्लंघन करते हों। पाकिस्तान में ऐसी संवैधानिक सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। वेंस ने आगे कहा कि इसलिए, (पाकिस्तान में) ऐसी कोई उम्मीद नहीं है कि यह टेक्स्ट अमेरिकी लोगों के सामने आएगा ताकि वे खुद इसकी जांच-पड़ताल कर सकें, इसे देख सकें, इसका विश्लेषण कर सकें और इसे समझ सकें। लेकिन यह सामने जरूर आएगा। डेमोक्रेट्स की आलोचना और विरोध के बाद, आखिरकार बुधवार को अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने के समझौते का पूरा टेक्स्ट जारी किया गया। आलोचकों का यह भी मानना ??था कि अमेरिका टङ्क्षव की डिटेल्स इसलिए छिपा रहा था क्योंकि इस समझौते के तहत ईरान को बड़ी रियायतें दी गई होंगी, ताकि उस टकराव को खत्म किया जा सके, जिसने होर्मुज जलडमरूमध्य पर तेहरान के नियंत्रण के कारण वैश्विक तेल संकट पैदा कर दिया था। वेंस की टिप्पणी ने पाकिस्तान में अभिव्यक्ति की आजादी और प्रेस की आजादी में आई भारी गिरावट को सबके सामने ला दिया है। वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में पाकिस्तान 180 देशों में से 153वें स्थान पर है। दशकों से पाकिस्तान को पत्रकारों के लिए सबसे मुश्किल देशों में से एक माना जाता रहा है। नवंबर 2025 में पास हुए हालिया 27वें संविधान संशोधन ने प्रेस की आजादी को और कम कर दिया है, क्योंकि इसने सुप्रीम कोर्ट से मौलिक अधिकारों की स्वतंत्र रूप से समीक्षा करने का अधिकार छीन लिया है। पाकिस्तान के लिए और भी शर्मिंदगी की बात तब हुई, जब उसने वर-ईरान डील को एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर पेश किया था। इस हफ़्ते की शुरूआत में, समझौते की घोषणा करते हुए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा था कि 19 जून को स्विट्जरलैंड में एक आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह होगा। हालांकि, ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने गुरुवार को डिजिटल रूप से टङ्क्षव पर हस्ताक्षर किए, जिससे पाकिस्तान की किरकिरी हुई। इससे पहले, ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी साफ कर दिया था कि स्विट्जरलैंड में कोई हस्ताक्षर समारोह नहीं होगा।

## ›››: संक्षिप्त खबर :‹‹‹

### ट्रंप के बयान पर जॉर्जिया मेलोनी के तेवर तल्ख, इटली के विदेश मंत्री का अमेरिका दौरा कैंसल



**वॉशिंगटनः** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है. इसका असर कूटनीतिक रिश्तों पर पड़ गया है. खबर है कि ट्रंप द्वारा मेलोनी को लेकर की गयी विवादित टिप्पणी से नाराज इटली ने अपने विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी का प्रस्तावित अमेरिका दौरा कैंसल दिया है. अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ होने वाली निर्धारित मीटिंग भी खटाई में पड़ गयी है. एंटोनियो तजानी ने कल शुक्रवार को इस बात को सार्वजिनक किया कि वे अब मियामी में होनेवाले इटली-अमेरिका बिजनेस, इन्वेस्ट और साइंस फोरम में शिरकत नहीं करेंगे. जान लें कि तजानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के खिलाफ राष्ट्रपति ट्रंप ने गंभीर और अपमानजनक शब्दे का इस्तेमाल किया. यह पूरे इटली का अपमान हैं. तजानी ने कहा, इस कारण मैंने 21 और 22 जून को प्रस्तावित अमेरिका दौरा रद्द कर दिया है. मामला यह है कि डोनाल्ड ट्रंप ने इटली के टीवी चैनल छं7 को दिये एक साक्षात्कार में दावा किया कि हाल ही में फ्रांस में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान जॉर्जिया मेलोनी उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए लालायित थी. उन्होंने मुझसे साथ में तस्वीर खिंचवाने की रिक्वेस्ट की थी. वह मेरे साथ फोटो चाहती थीं. लेकिन मैं फोटो नहीं खिंचवाना चाहता था, लेकिन मुझे उन पर दया आ गयी ट्रंप के बयान पर जॉर्जिया मेलोनी भड़क गयी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो जारी कर ट्रंप के दावों को पूरी तरह गलत करार दिया. मेलोनी ने आरोप लगाया कि डोनाल्ड ट्रंप के बयान शत-प्रतिशत झूठ हैं. मेलोनी हैरानगी जताते हुए कहा, . मुझे समझ नहीं आता कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपने ही सहयोगियों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों करते हैं. यह पहली बार नहीं है.जॉर्जिया मेलोनी ने इसे शर्मनाक हरकत करार देते हुए कहा, वह(डोनाल्ड ट्रंप) पश्चिमी देशों के दुश्मनों और अमेरिका के विरोधियों के खिलाफ इतनी सख्ती नहीं दिखाते, जितनी हम सहयोगियों के खिलाफ दिखाते हैं. मेलोनी ने चेताते हुए कहा, एक बात याद रखिए, इटली और मैं कभी भीख नहीं मांगते. लेकिन ट्रंप हैं कि मानते ही नहीं. इस विवाद के बाद NBC Newsको दिये गये साक्षात्कार में ट्रंप ने फिर मेलोनी पर निशाना साधा.. ट्रंप ने कहा, वे उन्हें(मेलोनी) अपना समर्थक नहीं मानते. क्योंकि नाटो समूह का उस समय साथ नहीं दिया जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जुड़ा मुद्दा उफान पर था. जान लें कि इन दोनों नेताओं को पश्चिमी यूरोप में एक-दूसरे का करीबी सहयोगी माना रहा है. अहम बात यह है कि मेलोनी ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाली प्रमुख यूरोपीय नेताओं में अकेली थीं.

### पानी दिलवा दो...यूएनएससी में जाकर भारत का नाम लेकर रोया पाकिस्तान




**पाकिस्तानः** पाकिस्तान के स्थाई प्रतिनिधि असीम इफ्तखार अहमद ने बताया कि उन्होंने इशाक डार का पत्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष लियोनूर जालावाटा टोरेस को सौंपा है। पत्र में भारत द्वारा चिनाब नदी से जुड़ी दो बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर पाकिस्तान की चिंताओं को रेखांकित करने की बात की जा रही है। पाकिस्तान दुनिया भर को बड़ी-बड़ी ज्ञान बांट रहा है। खुद भारत ने जब उसकी हवा टाइट की तो पाकिस्तान पानीपानी चिल्ला रहा है। सिंधु जलसिंधी का मुद्दा पाकिस्तान यूएनएससी में लेकर पहुंच गया है। क्योंकि भारत के दिखाए हुए ठेंगे ने पाकिस्तान को परेशान कर दिया है। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री ईशाक डार ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से सिंधु जल संधि के कथित उल्लंघन के मामले में भारत के खिलाफ संज्ञान लेने की अपील की है। भारत ने तो साफ कर दिया है कि एक बूंद भी नहीं जाने देंगे और पूरी कोशिश करेंगे कि जो पानी पाकिस्तान को जाता हो उसका इस्तेमाल भारत सकुशल तरीके से कर ले क्योंकि भारत के नागरिकों का खून और भारत का पानी एक साथ नहीं बहेगा। साफ तौर पर पाकिस्तान छटपटाया हुआ है और अब यूएनएससी के दरवाजे पर है। पाकिस्तान के स्थाई प्रतिनिधि असीम इफ्तखार अहमद ने बताया कि उन्होंने इशाक डार का पत्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष लियोनूर जालावाटा टोरेस को सौंपा है। पत्र में भारत द्वारा चिनाब नदी से जुड़ी दो बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर पाकिस्तान की चिंताओं को रेखांकित करने की बात की जा रही है। आसिफ इफ्तखार ने सोशल मीडिया पर बताया है कि इस पत्र के माध्यम से सुरक्षा परिषद का ध्यान तत्काल इस मुद्दे की ओर आकर्षित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि दक्षिण एशिया की मौजूदा स्थिति को लेकर यूएनएससी अध्यक्ष को जानकारी दी गई है। विश्व बैंक की मध्यता से साल 1960 में हुई सिंधु जलसंधि भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी प्रणाली और उनकी सहायक नदियों में जल बंटवारे को नियंत्रित करती रही है। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिकों की मौत के बाद भारत ने इस संधि को निलंबित कर दिया। इसके पहले भी अप्रैल में इशाकदार ने इसी मुद्दे को लेकर यूएनएससी अध्यक्ष को पत्र लिखकर पाकिस्तान की चिंताओं से अवगत कराया था। इसके अलावा भी वक्त-वक्त पर पाकिस्तान की तरफ से भारत को धमकी दी जाती रही है कि अगर पानी नहीं मिलेगा तो वह भारत में तबाही ला देंगे। हालांकि यह सपने हैं और सपने देखने पर कोई टैक्स नहीं है। इसलिए पाकिस्तान सपने देख सकता है क्योंकि उसके आर्थिक हालात इतने अच्छे नहीं है कि सपने देखने पर टैक्स लगता तो वो सपने देख पाता।

# टेररिज्म के खिलाफ भारत की जीत, विवेक अग्रवाल फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के उपाध्यक्ष चुने गये

एजेंसी



**नयी दिल्लीः** भारतीय लोगों के लिए खुशखबरी है. भारत सरकार के सचिव विवेक अग्रवाल फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) के उपाध्यक्ष चुने गये हैं. माना जा रहा है कि टेररिज्म के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत को अहम कूटनीतिक और रणनीतिक सफलता हाथ लगी है.जानकारी के अनुसार टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था FATF की बैठक में भारत के सीनियर अधिकारी विवेक अग्रवाल को वर्ष 2026-27 के लिए संगठन का उपाध्यक्ष चुना गया है. ऐसे समय में जब भारत लगातार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और आतंकियों की फंडिंग के मुद्दे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठा रहा है, एफएटीएफ में भारतीय अधिकारी की नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है. विदेश मंत्रालय ने इसे भारत के लिए बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा है कि विवेक अग्रवाल की नियुक्ति आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति और वैश्विक स्तर पर आतंकियों की फंडिंग रोकने के प्रयासों को और मजबूती प्रदान करेगी.बता दें कि FATF दुनिया भर में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फंडिंग पर नजर रखने वाली अहम संस्थाओं में शामिल हैं.जान लें कि विवेक अग्रवाल पूर्व में FATF में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर चुके हैं. श्री अग्रवाल फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया (FIU-IND) के निदेशक भी रह चुके हैं. विवेक अग्रवाल के बारे में बता दें कि वे 1994 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के IAS अधिकारी हैं. वर्तमान में वे संस्कृति मंत्रालय में सचिव हैं. उन्हें प्रशासनिक सेवा में तीन दशक से अधिक का अनुभव है. इससे पहले वह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग में अतिरिक्त सचिव की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं.संस्कृति मंत्रालय का कहना है FATF में अहम पद मिलना दुनिया के 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के बीच भारत की बढ़ती विश्वसनीयता का सबूत है.

# आश्रम में बंधक बनाकर रखे गए 64 बुजुर्गों को बचाया गया, महिला संचालक पर गंभीर आरोप

एजेंसी



**तुमकुरु (कर्नाटक)ः** महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को तुमकुरु जिले के सिरा तालुक के गनादा हुनसे गांव में एक अवैध शरणार्थी केंद्र पर छापा मारा. अधिकारियों ने वहां से 64 बुजुर्गों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया. एक महिला संगठन की शिकायत पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने यह कार्रवाई की.बिना अनुमति के चल रहे इस केंद्र में 41 पुरुषों और 23 महिलाओं को रखा गया था. आरोप हैं कि यह शरणार्थी केंद्र बिना किसी कानूनी कागजात के चलाया जा रहा था. इसके साथ ही, मालिक पर बुनियादी सुविधाएं न देने और इन सभी 64 बुजुर्गों को प्रताड़ित करने का भी आरोप है. जांच में सामने आया कि इन सभी को जबरन बंद करके रखा गया था. फिलहाल, सभी 64 लोगों को वहां से बचाकर कोरा सरकारी शरणार्थी केंद्र भेज दिया गया है.जिला महिला एवं बाल कल्याण अधिकारी अंबिका ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "साधना महिला संगठन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गनादा हुनसे शरणार्थी केंद्र में रहने वाले लोगों के साथ बुरा बर्ताव किया जा रहा है.उन्हें कोई बुनियादी सुविधा नहीं दी गई थी और सभी को एक ही शेड में रखा गया था."उन्होंने आगे कहा, "शरणार्थियों को न तो ठीक से कपड़े दिए गए, न दवाइयां और न ही कोई दूसरी जरूरी चीज. गीता नाम की महिला कुछ लोगों को जबरदस्ती पकड़कर इस शेड में लाई थी. यह भी सामने आया है कि इस केंद्र को चलाने वालों के पास कोई कानूनी दस्तावेज नहीं थे. इस मामले में हम अपने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करेंगे और आगे की कानूनी कार्रवाई करेंगे."शरणार्थी केंद्र से रेस्क्यू करायी गयी एक महिला ने बताया कि उसके पति की तबीयत खराब थी, इसलिए वह अपने दादाजी से पैसे लेने तमिलनाडु जाने के लिए तुमकुरु रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी. ट्रेन लेट होने के कारण वह आराम करने के लिए एक कमरे में चली गई. तभी शरणार्थी केंद्र के स्टाफ ने कहा कि वे उसे सुबह भेज देंगे और अपने आश्रम लेते चले गये. उस महिला ने बताया कि वह करीब पांच महीने से यहां है. रखने की शिकायत पर, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग और पीडीओ (PDO) ने मिलकर जांच की. तब यह साफ हो गया कि यहां कोई बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं. इसे देखते हुए, हम सभी बुजुर्गों को उनके घर भेजने के कदम उठाएंगे.

# बिहार से आए प्रवासी मजदूर की तमिलनाडु में पीट-पीटकर हत्या, संदिग्धों की तलाश में जुटी पुलिस

एजेंसी



**थूथुकुडीः** तमिलनाडु में रोजी-रोटी की तलाश में बिहार से आए एक प्रवासी मजदूर की कुछ संदिग्ध लोगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी. राजेश नाम का पीड़ित युवक थूथुकुडी में एक कार बनाने वाली कंपनी विनफास्ट में काम करता था.जानकारी के मुताबिक, शराब की दुकान पर शराब पीते समय उत्तर भारत से आए उसके साथी मजदूरों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया. विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि, आरोपियों ने युवक को लकड़ी के लट्ठे से पीट-पीटकर हत्या कर दी.विनफास्ट, एक वियतनामी कार बनाने वाली कंपनी है, जो थूथुकुडी में एक प्रोडक्शन प्लांट चलाती है. यह जगह ओट्टापिदारम के पास सिल्लानाथम गांव में SIPCOTकॉम्प्लेक्स के अंदर है. यहां लगभग 16.50 लाख रुपये से 24.50 लाख रुपये की कारें बनती हैं, और इस प्लांट में अलग-अलग देशों और राज्यों के लोग काम करते हैं.इस इलाके में बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय मजदूर रहते हैं और काम करते हैं. उनमें से एक बिहार का रहने वाला राजेश भी था, जो विनफास्ट में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करता था.बताया गया है कि 19 जून की रात को, राजेश थूथुकुडी जिला कलेक्टर के ऑफिस के पास, 'थर्ड माइल' इलाके के पास भारतीय खाद्य निगम के गोदाम के सामने बनी एक सरकारी शराब की दुकान पर गया था. वहां, वह बिहार के तीन और लोगों से मिला और उनके साथ दुकान के बाहर बैठकर शराब पी.जब चारों शराब पी रहे थे, तो खबर है कि उनके बीच झगड़ा हो गया. फिर तीनों ने मिलकर राजेश को लकड़ी के लट्ठे से बुरी तरह पीट-पीटकर मार डाला और मौके से फरार हो गए.आज सुबह, शराब की दुकान के पास बिहार के मजूदर का शव मिली. लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी. जानकारी मिलने पर, थेनबागम पुलिस मौके पर पहुंची, राजेश की बॉडी बरामद की और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए थूथुकुडी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया.इसके बाद, क्राइम सीन पर सर्च करने के लिए एक स्निफर डॉग को लाया गया. इसके अलावा, पुलिस ने पास के सीसीटीवी फुटेज का इस्तेमाल करके राजेश की हत्या करने के बाद फरार अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है.

## नागपुर के छात्र का परीक्षा सेंटर अबू धाबी, राहुल के निशाने पर मोदी सरकार

**नयी दिल्ली** : नीट रि एग्जाम की तैयारी कर रहे नागपुर के एक छात्र का परीक्षा सेंटर अबू धाबी किये जाने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर हमला बोला है, राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि नागपुर का एक बच्चा एक महीने से नीट रि एग्जाम की तैयारी कर रहा था. कल परीक्षा से ठीक एक दिन पहले उसने एडमिट कार्ड डाउनलोड किया. उसका सेंटर अबू धाबी निकला.राहुल ने लिखा कि कल किसी भी छात्र को सेंटर तक न पहुंच पाने की शिकायत नहीं होनी चाहिए. आरोप लगाया कि एनटीए असल में देश के बच्चों और उनके माता-पिता के धीरज का टेस्ट ले रही है. जो सिस्टम एक बच्चे को अपने ही शहर में एक सेंटर नहीं दे सकता, उल्टा विदेश भेज सकता है, उसे परीक्षा करवाने का कोई हक नहीं. राहुल ने कहा कि कोटा में मैंने यही कहा था कि यह अब शिक्षा व्यवस्था नहीं रही. यह एक पूरी पीढ़ी के पैसे, समय और मानसिक शांति की वसूली है. मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा, हमारे बच्चों के भविष्य के साथ जुआ खेलना बंद कीजिए.वो (बच्चे) एक संवेदनशील, ज़िम्मेदार और जवाबदेह शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा के अधिकारी हैं और हम यह उन्हें दिलवा कर रहेंगे.जानकारी के अनुसार इस गलती के सामने आते ही NTA ने एग्जाम सेंटर नागपुर करने का आश्वासन दिया है।

# आंध्र प्रदेश देश के लिए आध्यात्मिक केंद्र बनेगा: सीएम चंद्रबाबू नायडू

एजेंसी



**उंदावली (अमरावती)ः** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और योग गुरु बाबा रामदेव ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अमरावती की उंदावली गुफाओं के सामने योगांधरा कार्यक्रम में भाग लिया.मुख्यमंत्री ने बाबा रामदेव के मार्गदर्शन में आयोजित योग अभ्यास सत्र का अवलोकन किया. इस अवसर पर बाबा रामदेव ने मुख्यमंत्री को लगभग 1,600 साल पुरानी गुफाओं के सामने बैठकर बाबा रामदेव ने मुख्यमंत्री को योग के कई आसन करके दिखाए.इस अवसर पर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने कहा कि आंध्र प्रदेश देश के लिए आध्यात्मिक केंद्र बनने के लिए तैयार है. उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव ने योग को बड़ी पहचान दिलाई है.उन्होंने योग के अभ्यास से हो रहे चमत्कारों की तारीफ की और रामदेव की ट्रेनिंग में युवाओं द्वारा किए गए शानदार योग आसनों की तारीफ की. यह देखते हुए कि आज के समाज में युवा बहुत ज्यादा स्ट्रेस का सामना कर रहे हैं, सीएम ने टेक्नोलॉजी को आध्यात्मिकता के साथ जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया.उन्होंने बताया कि दुनिया भर के 190 देश योग कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में ग्रीन कवर को अभी के 31 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की कोशिशें चल रही हैं.बाबा रामदेव ने सीएम चंद्रबाबू की तारीफ करते हुए कहा कि उनके पास विकास और विजन दोनों हैं. उन्होंने कहा कि सीएम प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के लक्ष्यों के हिसाब से काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि अगर देश के दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू की तरह काम करें तो 'विकसित भारत' का लक्ष्य 2047 से पहले भी पूरा हो सकता है.बाबा रामदेव ने सीएम चंद्रबाबू के लिए कहा कि वे प्रकृति, संस्कृति और योग के प्रेमी हैं, साथ ही वे सभी लोगों की बहुत परवाह करते हैं.




# अब शादीशुदा और बच्चों का बाप है रैंचो : हिरानी

**मुंबई।** करीब 17 साल बाद '3 इडियट्स'के सीक्वल पर आधिकारिक काम शुरू हो चुका है। खुद राजकुमार हिरानी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर खुलकर बात की है। आमिर खान भी कहानी सुन चुके हैं और ओरिजिनल स्टार कास्ट के वापस आने की उम्मीद है। राजकुमार हिरानी ने एक बातचीत में बताया कि वह अपने लंबे समय के राइटिंग पार्टनर अभिजात जोशी के साथ मिलकर सीक्वल की कहानी और स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी इस प्रोजेक्ट पर काफी काम बाकी है। हिरानी के मुताबिक, इस बार कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां से पहली फिल्म खत्म हुई थी, लेकिन करीब 15-20 साल बाद। यानी अब तीनों दोस्त शादीशुदा हैं और उनके बच्चे भी हैं। वे अपनी जिंदगी के मिड-लाइफ क्राइसिस से गुजर रहे हैं। इस बार कहानी कॉलेज में नहीं होगी, क्योंकि अब वक्त और जिंदगी दोनों बदल चुकी हैं।


लाइफ Style

# श्रद्धा

## ईथा में फिर छोड़ा अदाकारी का असर

सबसे पसंदीदा एक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'ईथा' में अपनी परफॉर्मेंस से फैंस को इंप्रेस करने के लिए तैयार हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है।

यह फिल्म 1940 से 1990 के दशक तक की कहानी दिखाएगी, जिसमें उनके मशहूर होने का सफर और उनके संघर्ष शामिल होंगे। फिल्म की पहली झलक दिख गई है। इस बायोपिक का पहला टीजर 19 जून को शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ सिनेमाघरों में दिखाया गया। जैसे ही फिल्म का पहला शो शुरू हुआ, दर्शकों को श्रद्धा की एक हैरान करने वाली और नई झलक देखने को मिली। टीजर में वह लावणी डांसर के रोल में शानदार लग रही थीं। 'ईथा' का टीजर मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक को दिखाता है। श्रद्धा कपूर पहले ही सीन से इस किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं और इस मशहूर कलाकार की मजबूती और हिम्मत को बखूबी दिखाती हैं। टीजर में विठाबाई को बहुत ज्यादा प्रेग्नेंट होने के बावजूद पूरे जोश और लगन के साथ स्टेज पर परफॉर्म करते हुए दिखाया गया है। टीजर में, परफॉर्मेंस के दौरान उन्हें एहसास होता है कि वह बच्चे को जन्म देने वाली हैं। शो को बीच में न छोड़ने का पक्का इरादा करते हुए, वह शांत रहती हैं और बैकस्टेज जाती हैं, जहां वह बच्चे को जन्म देती हैं। हिम्मत की एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए, विठाबाई पत्थर से गर्भनाल काटती हैं और अपनी परफॉर्मेंस पूरी करने के लिए वापस स्टेज पर आ जाती हैं।



हॉलीवुड मसाला



# भारत में रिलीज होगी डोरेमोन की यह फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** कॉर्टून की दुनिया का सबसे लोकप्रिय किरदार डोरेमोन अब जल्द भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म 'डोरेमोन द मूवीः न्यू नोबिता एंड द कैसल ऑफ द अंडरसी डेविल' इस साल देशभर में रिलीज होने जा रही है। गुरुवार को मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी कर फैंस के साथ यह जानकारी साझा की। फिल्म का प्रमोशन 20 जून से शुरू होने वाले पॉप कल्चर फेस्टिवल में किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।




# आज के बच्चों को आईना दिखाती है टॉय स्टोरी 5

**मुंबई।** कभी गुड्डे-गुड़ियों की शादी कराते, तो कभी घंटों खिलौनों के साथ एक नई दुनिया बुनते बच्चों के हाथों में जब से फोन और टैबलेट आए हैं, तब से खिलौनों से उनका नाता बहुत कम हो गया है। बाहर निकलकर खेलना, असली दोस्त बनाना कितना अहम है, यह बेहद खूबसूरती से दिखाती है 31 वर्षों से चल रही एनिमेटेड एडवेंचर कॉमेडी टॉय स्टोरी सीरीज की पांचवीं फिल्म टॉय स्टोरी 5। कहानी है बौनी (स्कार्लेट स्पीयर्स) की जो खिलौनों से तो खूब खेलती है, लेकिन दोस्त नहीं बना पाती है। उसके माता-पिता उसके लिए लिलीपैड (ग्रेटा ली) डिवाइस यानी टैबलेट ले आते हैं, जिस पर बौनी के डांस क्लास के दोस्त ऑनलाइन बनते हैं। बौनी अपने खिलौने से दूर हो जाती है।



# एक्टर हेनरी के साथ नजर आईं सारा

**मुंबई।** गुरुवार की शाम हॉलीवुड और बॉलीवुड का शानदार संगम देखने को मिला। जब 'सुपरमैन' फेम एक्टर हेनरी कैविल और बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। दोनों कलाकार एक लग्जरी वॉच ब्रांड के इवेंट में शामिल हुए। इवेंट में पटौदी खानदान की युवा राजकुमारी सारा अली खान अपने शाही अंदाज में नजर आईं। सारा ने इवेंट से कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सारा ने इस खास इवेंट के लिए मोनोक्रोमैटिक आइवरी आउटफिट चुना। इसके साथ उन्होंने अपनी खूबसूरती और शालीनता का बेहतरीन मेल पेश किया। उनके लुक में एक तरफ जहां विंटेज चार्म था वहीं दूसरी तरफ आधुनिक भव्यता भी नजर आई। उन्होंने रिच टेक्सचर वाले ट्वीड-स्टाइल फैब्रिक से बनी स्ट्रक्चर्ड मिडी-लेंथ शीथ ड्रेस पहनी थी।



# 18 महीने तक नहीं देंगे कोई इंटरव्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों 'डॉन 3' को लेकर चल रहे विवाद के कारण सुर्खियों में हैं। खबरों के मुताबिक, रणवीर ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने तय किया है कि वह अगले 18 महीनों तक किसी भी तरह का इंटरव्यू नहीं देंगे और इस विवाद पर कोई बयान भी नहीं देंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर ने यह बात एक ट्रेड जर्नलिस्ट से मुलाकात के दौरान खुद कही। उन्होंने साफ कर दिया कि वह 'डॉन 3' से जुड़े किसी भी सवाल पर बात नहीं करेंगे और अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' की रिलीज तक मीडिया से दूरी बनाए रखेंगे। दरअसल, रणवीर सिंह और फिल्ममेकर फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर मतभेद हो गए थे। कहा जा रहा है कि रणवीर फिल्म की स्क्रिप्ट और बार-बार हो रही देरी से खुश नहीं थे। इसी वजह से उन्होंने फिल्म छोड़ने का फैसला लिया।

टीवी मसाला



# बाघा का रो-रोकर बुरा हाल मां को यादकर फफक पड़े

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बाघा का किरदार निभाकर मशहूर हुए तन्मय वेकारिया हाल ही सेट पर भावुक हो गए। तन्मय मां को याद कर इस कदर बिलख पड़े कि असित मोदी को शूटिंग बीच में ही रोकनी पड़ी और वह एक्टर को संभालते दिखे। सोशल मीडिया पर 'तारक मेहता...' के सेट से वीडियो सामने आया है, जिसे देख फैंस भी भावुक हो गए हैं।

# धमाल 4 का नया गाना कहर रिलीज, गुरु रंधावा ने लगाया तड़का

**मुंबई।** इस साल की एक और अवेटेड फिल्म 'धमाल 4' के ट्रेलर और हाल ही में रिलीज हुए जबरदस्त गाने 'चटनी' के बाद, 'धमाल 4' के मेकर्स ने अब एक और नया गाना 'कहर' रिलीज किया है। मजा कई गुना बढ़ाने वाला यह गाना सभी को एनर्जी और एंटरटेनमेंट से भरपूर एक जबरदस्त म्यूजिकल सफर पर ले जाता है। गाने में 'धमाल 4' की कास्ट के साथ गुरु रंधावा ने टीमअप किया है और गजब के पंजाबी वाइब्स दे रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है और इसके बोल और संगीत गिल मचराई, रोनी अजनाली और गुरु रंधावा ने दिए हैं। संजॉय के प्रोड्यूस और अरेंज किए गए इस गाने में दर्शकों को एक मजेदार सफर पर ले जाया जाता है, जिसमें 'धमाल बॉयज' गुरु के रंग में रंगे हुए, अपने सबसे अनोखे अंदाज में और पीयूष व शाजिया के कोरियोग्राफ किए गए अपने जबरदस्त हुक स्टेप के साथ खूब धमाल मचाते हुए नजर आते हैं। इस गाने में एक्ट्रेस केतिका शर्मा भी एक स्पेशल अपीयरेंस में दिखाई देती हैं। हर उम्र के लोगों के लिए जबरदस्त मनोरंजन का वादा करते हुए, 'धमाल 4' में अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा जैसे दमदार कलाकार एक साथ नजर आएंगे।





# वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे अक्षय, लिया माता का आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल'को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच हाल ही में अक्षय फिल्म की रिलीज से पहले माता वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे। अक्षय ने त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित इस पवित्र मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में अभिनेता को देखते ही वहां मौजूद फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान अक्षय कुमार पारंपरिक सफेद कुर्ता पहने नजर आए। सोशल मीडिया पर भी अक्षय के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें फैंस उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले कुमार यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले अक्षय यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। एक्टर के आने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कई लोग फिल्म स्टार की एक झलक पाने की उम्मीद में रास्ते में और मंदिर परिसर में जमा हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए और लौटने से पहले कुछ समय पूजा-अर्चना में बिताया। अहमद खान द्वारा निर्देशित 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार समेत 34 कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनमें अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, आफताब शिवदासानी और जैकी श्रॉफ समेत कई अन्य नाम शामिल हैं। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



वेलकम टू द जंगल की रिलीज से पहले अक्षय ने लिया वैष्णो देवी का आशीर्वाद




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.